Party has just 55 minutes. Others also may want some time.

SHRI BHUPESH GUPTA : I will finish in another few minutes.

THE DEPUTY CHAIRMAN : Even so, you should give some time for others.

SHRI BHUPESH GUPTA : I am just finishing. The debate will be extended by another day, you will see. Anyway I am finishing, Madam. There have been so much interruptions, Madam. So many interruptions have taken place. Kindly deduct the time for all those interruptions. Madam, I was saying, these are the features of the crisis and that after fourteen years of planning. No wonder the Prime Minister in his letter to the Chief Ministers of States has said that it looks as though we are developing a political crisis. Madam Deputy Chairman, if an economic crisis occurs in agriculture, there is bound to be a political crisis. You cannot escape it. You can avert it for a time. Officially you can stifle it and you cap perhaps circumscribe its operation, but you cannot escape it altogether.

Let me here give some aspect of the economy, especially one aspect, particularly the foreign private investment in the so-called collaboration agreements and joint enterprises. On 30th June, 1948, the foreign non-banking private business investment in the country was Rs. 256 crores. In 1960 it was of the order of Rs. 690 crores. And now this is the latest official figure. We have got the provisional figures and according to them this foreign private business investment comes to Rs. 800 crores.

THE DEPUTY CHAIRMAN : Mr. Gupta, you will still have about ten minutes. You may continue after lunch. The House now stands adjourned till 2.30 P.M.

The House then adjourned for lunch at half-past one of the clock.

The House Reassembled after Lunch at half-past two of the clock. THE VICE-CHAIRMAN (SHRI M. P. BHARGAVA) in the Chair.

STATEMENT *RE* OFFER OF THE CANADIAN GOVERNMENT TO MAKE A GIFT OF WHEAT

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF FOOD AND AGRICULTURE (SHRI D. R. CHAVAN) : Sir, I beg to lay on the Table a statement regarding the offer of the Canadian Government to make a gift of wheat. [Placed in Library. *See* No. LT-3900/65].

MOTION OF THANKS ON THE PRESIDENT'S ADDRESS—*continued*

SHRI BHUPESH GUPTA : Mr. Vice-Chairman, I was speaking on the foreign private investment and I pointed out to the House from the official figures that between j 1948 and 1960, investments had gone up I from Rs. 256 crores to Rs. 690 crores and j if you take the investments in the subsequent period, the figure would come to I about Rs. 800 crores. Now, where are these investments going ? In this period, investment in plantations rose from Rs. 55 crores to Rs. 95 crores, mining from Rs. 11 crores] to Rs. 14 crores,—I am giving round figures , only—in petroleum it rose from Rs. 22 I crores to Rs. 122 crores, in manufacturing processes from Rs. 70 crores to Rs. 251 i crores—of the manufacturing processes, on metal and metal products, it rose from Rs. 7 [1] crores to Rs. 93.8 crores—in chemical and allied products from Rs. 8 crores to Rs. 38 ! crores and in services from Rs. 99 crores j to Rs. 135 crores. These I am quoting from \ the official figures.

SHRI DAHYABHAI V. PATEL : Mr. Vice-Chairman, may I once again point out ihe empty Treasury Benches despite the Chairman's remarks this morning ? This is the respect they show to the Chairman's ruling.

SHRI BHUPESH GUPTA : I would like to say thai the sense of the House would

be'carried if you were to adjourn ihe House for a while and allow a Cabinet Minister to come.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI M. P. BHARGAVA) : I cannot adjourn the House so long as there is a representative on the Treasury Benches.

SHRI BHUPESH GUPTA : You can. It is in your power.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI M. P. BHARGAVA) : Please continue.

SHRI BHUPESH GUPTA : They disrespect the Chair.

We have a motion on this subject and we will discuss it next Friday but here I should like to invite your attention to the statement made by the U.S. Secretary of Commerce announcing the businessmen's delegation's visit to India. That delegation is currently visiting this country. I am quoting from the statement of John T. Connor, U.S. Secretary of Commerce. He said, on the 6th of February, "The Indian Government continues to streamline the adminis-Irative procedures, modify taxes, ease industrial controls in order to attract increased overseas investment and we want to participate to the fullest possible extent in developing private business and investment in India". Note the words, "...private business and investment in India". As you know, this delegation sponsored by the U.S. Commerce Department is now visiting this country and has come with two hundred proposals for collaboration agreements and joint enterprises in the private sector. Mr. Vice-Chairman, this started in 1956 when Mr. T- T. Krishnamachari, the then Finance Minister, entered into correspondence with Mr. Eugene Black, the President of the World Bank. He wrote, in his letter of September 19. 1956, to the World Bank President,

> "We are undertaking a comprehensive review of the policies and procedures that inhibit foreign private investment."

He added :

> "You must have observed that a few days ago we raised substantially the excise duty on cloth."

I am quoting another part of his letter.

> "Suffice it to say that the basic policies which govern Governmental policies on this matter are not very different from what you have stated."

These I have quoted from the letter which he wrote to Mr. Eugene Black, President of the World Bank, in September, 1956. Naturally, he is implementing that policy with a vengeance. In his message to the Indian Investment Centre in Bombay in January last year, Shri Krishnamachari said that the door should be thrown wider open for the foreign private capital to come. Now we find that in his Budget proposals he has not only thrown the door wider open but he has spread literally the red carpet for the gentlemen of the United States of America, West Germany and the United Kingdom to come and exploit our resources. All that 1 would like to say in this connection is that they are slowly but steadily mortgaging national interests. This is what I would like to say and it is a clear violation of the spirit and the letter, more especially the spirit, of the Industrial Policy Resolutions of 1948 and 1956. It is no use the Prime Minister telling us that the previous Prime Minister, Shri Nehru, had said something in 1949. We are not living in 1949 and at that time there was no planning. We have travelled a long distance in our struggle against all those foreign exploiters for strengthening our economy. So, it is pointless to quote what Panditji had said in 1949. We were surprised when the Prime Minister said yesterday that he had no objection to foreign private capital having a majority participation in equity capital in joint undertakings. Well, this is another step in that direction and, in England, he gave an assurance to the British industrialists that the patent laws in the country would be changed, so that the Britishers came to know of it then and we came to know of It later on. There was no reference here and we now find mention of it in the President's Address. In this connection, Mr. Vice-Chairman, I would like to invite your attention to the fact that in 1948 we

[Shri Bhupesh Gupta.] had only seventyfive collaboration agreements and in 1962 the number rose to one thousand four hundred and fortysix and now, between 1960 and 1963, we find one thousand and twentyseven collaboration agreements in the private sector with the United Kingdom, the United States of America, West Germany and France, the United Kingdom having the lion's share, namely, four hundred and thirtyone and the United States of America having three hundred and six. 1 am quoting these figures from the papers prepared by the Ministry of Finance. With the socialist countries, other than the Soviet Union, we have only seventytwo such collaboration agreements. The monopolists are taking advantage of our economy and the Government and Mr. KrMinamachari have given all kinds of concessions even in this Budget to those foreign monopolists to come in and exploit the resources of our country. We shall discuss this matter when we come to the subject on a non-official Resolution. I call this policy an eminently anti-national policy; I call this policy some'hing which is detrimental to the country's economic interests because the monopolists distort our economic growth, create an imbalance in our economy and hold our country to ransom. As far as the rupee counterpart fund under PL-480 is concerned, Sir, it has been estimated that the U.S. Government holding would come to between six hundred and eight hundred crores of rupees. It has been said jokingly that some day the Americans will be controlling the Indian currency because this sum of six to eight hundred crores of rupess would be one-fifth of the money in circulation. Such is the position.

Let me now pass on to the other points. As regards planning in general, we do not know what Mr. Asoka Mehta is doing. Whatever little pretences were there in the course of the preparation of the Second and (he Third Five Year Plans have been given the go-by and the whole thing is now being settled in consultation with the Americans and other monopolists who have been favoured in the present Budget which we wiH discuss later on. Instead of curbing the monopolists, they have given encouragement to the monopolists.

In regard to international relations, firstly 1 demand full recognition of the German Democratic Republic. I do not know as to why it should not be done. You have seen how President Nasser has behaved in this matter despite the frown of West Germany. We have some relations, trade relations and so on and it is time that we recognise that, in order to help the situation in Europe and bridle the aggressor, it is essential now to recognise the other Germany also, the German Democratic Republic, and discrimination should not be made against ihe forces of peace and security.

As far as Vietnam is concerned, we find that today's newspaper carries a very alarming news that the Americans are carrying out air raids against the Democratic Republic of Vietnam and that 167 planes had taken part in the latest raid and now we are told by Mr. Dean Rusk that these raids arc in continuation of certain policies, settled long-term policies and that they are not retaliatory action. Well, all that I can say is that the Government of India should not just stop at expressing its concern or giving good counsel but they should take the necessary initiative in this matter and get the American troops withdrawn from Vietnam, because what they are doing is nol merely a violation of the Geneva Agreement of 1954; what they are doing is a clear violation of the United Nations Charter and that is more important. I do not think any solution is possible unless the United States forces withdraw with their equipment from Vietnam and in this connection we cannot look with equanimity at the presence of the Seventh Fleet in that region and its entry into the Indian Ocean. They are trying to keep this area as one of their spheres of influence by methods of intimidation and so on. Therefore [say that the Government of India should take a firm stand and come out against th'S. I am very glad that India, a Member of the International Control Commission, has joined with Poland in criticising the actions of the United States of America in Vietnam, especially their aggressive action against the Democratic Republic of Vietnam. The blatter should be pursued. There is no use just stating that there should be a Geneva type conference. The need of the hour is io mobilise world public opinion so that aggressive action stops and the United Slates forces withdraw.

Mr. Vice-Chairman, coming to the question of corruption—perhaps that will be my last item—what shall I say ? 1 do not know The great Home Minister has started talking too much and fighting very little as far as corruption is concerned. He said that he would retire if corruption was not eliminated within two years. Has he consulted his calendar ? How many months are left for the two years to be over ? All that we know. How can a Home Minister who takes an anti democratic posture in arresting political opponents be trusted to fight corruption outside ? I do not know. Anyhow when he started it there was a little AICC held at Ranchi whi:h came out against him and intimidated hirn. Then there was a lot of talk and as you know, Mr. Biju Patnaik and Mr. Atulya Ghosh declared an open rebellion supported by the syndicate, I believe. And in this connection Mr. Atulya Ghosh wrote a letter to Mr. Biren Mitra, saying that he v/as the victim of character assassination; even after the C.B.I. Report, even after the Cabinet Sub-Committee's Report and even after Mr. Biren Mitra had been forced to resign, Mr. Atulya Ghosh writes that letter and it is published in the newspapers. What is this Government doing ? Have they got the courage to pull up Mr. Atulya Ghosh or anybody ? I am not asking them to use the Defence of India Rules but have they got the courage ? Whatever happens in the ruling party, its eliques and coteries, which are sunk in a sea of corruption, nothing will be done by them. Mr. Biju Patnaik was brought here and given a place in the South Block of the Secretariat. I do not know who sits in that room but it seems he has been threatening every body. Anyway, as far as this Home Minister and this Government are concerned, they are the least competent to fight corruption because they do not have the courage.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI M. P. BHAROAVA) : Mr. Bhupesh Gupta, that will do.

SHRI BHUPESH GUPTA : I do not know, Mr. Vice-Chairman, how it can fight corruption. I do not want to go into other instances. Many things can be said about this matter. What has happened to the Vigilance Commission ? What has happened to our Sadachar friends ? How many ....

SUR, DAHYABHAI V. PATEL: They are consulting Haveli Ram.

SHRI BHUPESH GUPTA : I do not know whom they are consulting but we saw how the vigorous Home Minister in one night arrested all the Communist leaders of a particular party and that gentleman who is supposed to be fighting corruption does not have the courage to utter a public criticism against either Mr. Atulya Ghosh or Mr. Biju Patnaik, He produces from his secret police reports a funny statement against the victimised Communists who are put in detention and seeks privilege but when we ask him to produce the Report of the C.B.I. and the Report of the Cabinet Sub-Committee, because it affects their party, he would nol do so. I am informed that it has been laid on the Table of the other House today. That is the position. Now, I have spoken at length on this subject. I say that corruption has become a built-in feature of this Government. Corruption arises from the monopoly of political power which this Government is enjoying. With the decline in leadership it is trying to maintain itself by the aggressive use of the Defence of India Rules and similar other methods on the one hand and by corruption and malpractices on the other. We have seen that Mr. Krishnamachari revealed in the other House that out of one crore and fifteen lakhs of rupees given by the loint Stool. Companies to the various political parties between 1961 and 1964 the Congress Party got away with Rs. 98 lakhs.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI M. P. BHARGAVA) : Mr. Bhupesh Gupta, I am afraid I cannot allow you to encroach upon other people's time any more.

SHRI BHUPESH GUPTA : It is nobodys time. You can always extend it.

Now, Mr. Vice-Chairman, this is the position. You cannot fight corruption when you yourself for political and other reasons, for sectarian and factional reasons, rely on corruption within your party. You cannot

IShri Bhupesh Gupta,]

fight corruption when you take Rs. 98 lakhs, and much more in other ways, from the multimillionaire classes in order to fight elections and so on.

SHRI LOKANATH M1SRA : That is only the visible part of the iceberg.

SHRI BHUPESH GUPTA : Yes; the invisible part is much more. In Kerala they must be spending crores of rupees. Now I am talking about the visible part and that is shocking enough. The Communist Party gets less than Rs. 3,000 but the Swatantra Party takes Rs. 15 lakhs which is a sizable sum. Whatever the other parties may gel, the ruling party which is supposed to enjoy the greatest support takes from the Joint Stock Companies Rs. 98 lakhs and the people from whom they have taken this money will naturally call the tune and they are dancing to it. The President's Address will have to be studied in a critical note.

The country is entering an uncertain and instable phase and we have to meet it with courage and unity based on democratic policies, we have to fight the forces of reaction, pressure and all those dark forces which want to take advantage of the vacuum in leadership that has been created today and push the Government in a wrong direction. Progressive-minded people in all parties, unite together to bar the road to reaction and prevent this Government from capitulating in the manner in which they have been doing. I am not giving the slogan that we should replace them; I have no illusions; we cannot replace this Government today or tomorrow. If 1 had that power, I should like to do that but being a realist, as we Communists are, I think realism demands, national interest demands, the country's future demands, the country's destiny demands that we unite together, all democratically minded, progressive minded secular forces in the country, in order to prevent this drift towards reaction, that is seen in politics, in the economy, in every sphere of public administration, and we meet the gap created by the decline in leadership not by finding an individual or a coterie of individuals but by building up a powerful movement outside of all the progressive and popular forces and reflecting and projecting a united movement in the two Houses of Parliament and in the State legislatures. That would be our way, Mr. Vice-Chairman, of meeting the present critical political and economic situation and I say so in all seriousness, with malice towards none but charity for all. I hope all those who believe in the future progress of the country will see the writing on the wall, give up all their narrow, partisan prejudices and know how to unite in a common cause for taking the country forward with all those people who share this cause. Either we all go together, progressive-minded people, or we shall be overtaken, defeated and beaten by the counter-revolutionary, retrograde forces. This Government today is living on retrograde forces more and more and that constitutes the greatest threat, not only to parliamentary democracy but also to the future of the country.

Thank you.

श्रीं गंगाशरण सिह (बिहार) : जनाब वाइस चेयरमैन साहिब, सबसे पहले मैं प्रस्तावक महोदया के साथ अपने को सम्मिलित करना चाहता हूं जिसमें उन्होंने हमारे राष्ट्रपति के स्वास्थ्य की मंगल कामना की है ।

SHRI BHUPESH GUPTA : I forgot it. Here is the advertisement of T. T. Krishnamachari and Company in the press.

THE VICE-CHAIRMAN: (SHRI M. P. BHARGAVA) : You have had your say. Why arc you passing on papers to others ?

SHRI GANGA SHARAN SINHA : I think enough papers have been circulated regarding Shri Krishnamachari. I do not need this one,

SHRI BHUPESH GUPTA : When the Finance Minister was there the advertisement came, given by T. T. Krishnamachari and Company.

श्री गंगाशरण सिह: जनाब वाइस चेयरमैन साहब, हम यह आशा करते हैं कि हमारे

राष्ट्रपति शीघ्र ही पूर्ण स्वस्थ हो जायेंगे और सम्मिलित अधिवेशन में जिस परिस्थिति का सामना उनको करना पड़ा ऐसी परिस्थिति भविष्य में नहीं होगी । मैं समझता हूं, इसमें सिर्फ मैं ही नहीं, इस सदन के सभी लोग और सारा देश इस बात की कामना करेगा कि शीघ्र से शीघ्र वे पूर्ण स्वास्थ्य लाभ करें ।

आज जब इस सदन में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर अपने विचार प्रगट करने के लिए मैं खड़ा हुआ हूं तो मै अपने को जिस परिस्थिति में प ता हूं उस परिस्थिति में आज तक मैंने अपने को कभी नहीं पाया । आज जिस भरे हुए हृदय से, जिस निराशा और. विश्रृंखलता के वातावरण में मैं देश को पाता हूं, अपने को पाता हूं और चारों ओर पाता हूं, ऐसा वातावरण अपने राजनैतिक जीवन में मैंने पहले कभी नहीं देखा । जनतंत्र में इस तरह की परिस्थिति भी आ सकती है इसकी शायद कल्पना भी बिना अनुभव किये नहीं की जा सकती । आज ऐसा लगता है कि एक व्यक्ति के न रहने से—जवाहरलाल जी जब थे उनसे बहुत बातों में हमारा मतभेद था, बहुत बातों में उनके साथ हमारी सहमति नहीं थी—सिर्फ गवर्नमेंट ही नहीं, सारी कांग्रेस पार्टी नहीं, सारे देश में एक तरह का सूनापन, एक तरह का खोखलापन आ गया है । शुरू में जिस तरह से कांग्रेस पार्टी के लीडर का चुनाव हुआ, हमारे देश के प्रधान मंत्री का चुनाव हुआ, उससे देश को बहुत आशा बंधी, यह उम्मीद हुई कि एक व्यक्ति के अभाव को एक समूह मिलकर पूरा करेगा । लोगों ने यह सोचा था कि जवाहरलाल जी का व्यक्तित्व तो नहीं रहा लेकिन उस व्यक्तित्व के बदले में मिली जुली शक्ति लोगों की रहेगी और उस शक्ति से देश का काम आगे बढ़ेगा, उनके व्यक्तित्व से लाभ होने के अलावा जो कुछ चीजें उनके व्यक्तित्व की आड़ में छुप जाती थीं, शायद उसका मौका नहीं रहेगा । लेकिन इतने थोड़े दिनों के तजुर्बे ने हमें यह बताया है कि जो आशाएं हमारी थीं उनके विपरीत परिणाम निकल रहे हैं । अभी हमारे मित्र, श्री भूपेश गुप्त कांग्रेस पार्टी का जिक्र कर रहे थे तो एक आवाज़ आई, प्रतिरोध हुआ कि पार्टी का जिक्र नहीं आना चाहिये । मै भी उन लोगों में से हूं जो चाहते है कि आमतौर पर सदन के बीच पार्टी का जिक्र न हो लेकिन आज परिस्थिति दूसरी हो गई है । आज जो गवर्नमेंट है, आज जो शासक वर्ग है वह पार्टी के बीच और गवर्नमेंट के बीच जब फर्क नहीं करता है, गवर्मेन्ट और पार्टी के बीच की जो लक्ष्मणरेखा है, जो सीमा है, उसको जब भंग कर दिया जाता है, तब हमारे जैसे आदमी के लिए यह कहना बड़ा मुश्किल होता है कि पार्टी की चर्चा सदन में न हो । मैं जब आज के हिन्दुस्तान पर ग़ौर करता हूं, तो दो उदाहरण मेरे सामने आते हैं । एक तो मुग़ल साम्राज्य के अंत का समय । उस समय जो अवस्था थी एक उस अवस्था का दृश्य हमारे सामने आता है । क्या अवस्था थी उस समय ? दिल्ली में जो हमारे बादशाह थे उनका अधिकार दिल्ली के इर्दगिर्द तीन चार मील तक बाकी रह गया था और बाकी सूबों में जो सूबेदार थे, वे मालिक बन बैठे थे । कुछ मामलों में तो ऐसा लगता है कि आज इस केन्द्रीय सरकार का अधिकार बहुत सीमित क्षेत्रों तक रह गया है, और बाकी मामलों में जो सूबेदार लोग हैं वे मालिक बन बैठे हैं । दूसरी ओर यह देखने में आता है कि इस देश में सिर्फ एक सरकार काम नहीं कर रही है, बल्कि कई सरकारें काम कर रही हैं । नेपाल में नेपाली कांग्रेस ने जो क्रांति की थी उसके पहले वहां की जो अवस्था थी वैसी ही अवस्था हमारे देश की लगती है । नेपाल के जो महाराजाधिराज थे वे पांच सरकार कहे जाते थे—वे देश के शासक थे कागज पर । उनके प्रधान मंत्री थे वे तीन सरकार कहे जाते थे । लेकिन वास्तव में अधिकार ज्यादा तीन सरकार के ही हाथ में थे । पांच सरकार तो बंधी हुई कठपुतली थे, उनके हाथ में अधिकार नहीं रह गया था । आज भी

[श्री गंगाशरण सिंह]

ऐसा ही है । जो सोलह सरकार बने हुए हैं, 16 कैबिनेट मिनिस्टर्स और उनके साथ सोलह स्टेट सरकारें हैं, पता नहीं उनको सोलह सरकार कहें या उनसठ सरकार कहें । यह जो दिल्ली में सरकार बैठी हुई है सिर्फ यह सरकार नहीं है, बल्कि एक साढ़े तीन सरकार बाहर भी बैठी है । एक नागरिक की हैसियत से, जनतंत्र में विश्वास रखने वाले की हैसियत से, मैं नहीं चाहता हूं कि पार्टी और गवर्मेन्ट के बीच की सीमा टूट जाय । आज इस लिहाज से मैं सारे देश का और खास कर कांग्रेस के लोगों का इस ओर ध्यान आकर्षित कराना चाहूंगा कि यह देश के लिये बहुत घातक चीज है, इससे देश का नुकसान होगा । अभी आपको फायदा मालूम होता है, अभी छोटे पैमाने पर पार्टी को लाभ मिल जाता है लेकिन यह जो साढ़े तीन सरकार बाहर है, जो पार्लियामेन्ट के प्रति जिम्मेदार नहीं है, जो किसी इले-क्टोरेट के प्रति जिम्मेदार नहीं है, लेकिन जो देश की बागडोर की नकेल को जहां चाहे घुमाती है, यह तो कोई बहुत अच्छी, बहुत स्वास्थ्यप्रद और जनतंत्र के लिए बहुत आशा बंधाने वाली चीज, मैं समझता हूं, नहीं है । मैं मानता हूं कि कोई भी पार्टी हो, सरकार हो, तो उसमें पार्टी का जो भी अध्यक्ष होगा, पार्टी की जो समिति होगी, उनको उसकी नीति निर्णय करने का अधिकार होगा लेकिन वह नीति निर्णय करने का अधिकार पार्टी और सरकार के बीच में होगा, वह अधिकार कायम रहेगा । लेकिन पार्टी के लोग सरकार के रोजमर्रा के काम में दखल देते रहें, सरकार का प्रधान मंत्री कुछ कहे, एक मंत्री दूसरी तरह की बात करता है, एक मंत्री कभी जाकर उस साढ़े तीन सरकार में शामिल हो जाता है तो सबसे पहले जनतंत्र की रक्षा के लिये इस तरह की जो पैरलल —समानान्तर—चीजें चल रही हैं वे बंद हो जानी चाहियें, इनको दूर करना चाहिये । अगर यह नहीं होगा तो कहीं जाकर इन बातों का अंत नहीं होगा और कोई सरकार, कोई मिनिस्टर, कोई सरकारी अफसर इत्मीनान के साथ, आत्मविश्वास के साथ काम करने में समर्थ नहीं होगा । वह समझेगा मैं एक ज्वालामुखी पर बैठा हुआ हूं, एक विसूवियस पर बैठा हुआ हूं । यह भी एक खतरा जनतंत्र के लिये हो गया है जो यह एक पैरेलल सरकार, समानान्तर सरकार, बाहर बन रही है ।

यह ठीक है कि जो समस्याएं आज देश के सामने हैं वे ज्यादातर पुरानी समस्याएं हैं । कुछ ऐसी समस्याएं हैं जिनकी अवहेलना की गई है, कुछ ऐसी समस्याएं हैं जिनको दबाया गया है, कुछ ऐसी समस्याएं हैं जिनकी तरफ ध्यान नहीं दिया गया और उसी का यह नतीजा हो गया है कि आज इतनी समस्याएं एक साथ एकत्रित हो गई हैं कि हम जिस ओर नजर दौड़ाते हैं, समस्याएं हैं। समस्याएं नजर आती हैं काश्मीर की समस्या है, हमारी सीमा की समस्या है, नागालैण्ड की समस्या है—शिक्षा की समस्या है, खाद्य की समस्या है, स्वास्थ्य की समस्या है, हर तरह की समस्याएं हमारे सामने आ गई हैं और उन समस्याओं का सामना करने में हम किस हद तक समर्थ होंगे यह समझ में नहीं

3 P.M.

आता है । जो बातें हमारे सामने आज हैं, उन सब का हम एक साथ समाधान नहीं कर सकते हैं । मैं यह बात मानता हूं कि बहुत सी समस्याएं ऐसी होती हैं जो समय . . .

SHRI BHUPESH GUPTA : Sir, you asked for a Cabinet Minister. You have got a Deputy.

SHRI B. K. P. SINHA : Two Deputy Ministers make one Cabinet Minister.

SHRI BHUPESH GUPTA : Two Deputies make one Cabinet ?

THE VICE-CHAIRM \N (SH«I M. P. BHARGAVA) : That is his theory.

SHRI DAHYABHAI V. PATEL: The speaker says that we are governed by three and a half Ministers. What is the meaning of it ?

श्री राजेन्द्र प्रताप सिंह : साढ़े तीन सरकार बोले ।

श्री गंगाशरण सिंह : दूसरी बात यह हो रही है कि बाहर के अलावा आज देश में आमतौर पर लोगों पर यह असर हुआ, आमतौर पर लोगों की यह फीलिंग्स हैं कि आज यह सरकार एक जबान से नहीं बोलती है । जब कोई मिनिस्टर कोई बात कहता है तो ऐसा लगता है कि वह उसकी व्यक्तिगत राय है, निजी राय है, सारी सरकार की राय नहीं है और उसके उदाहरण हमारे सामने मौजूद हैं । अभी जो कुछ दक्षिण में हुआ, उसके लिए पहले से तैयारी की गई होती, इन 14 वर्षों में तैयारी होती या कम से कम पिछले 1 या 1 1/2 वर्षों से तैयारी होती, 6 महीने से तैयारी की गई होती, तो मेरे खयाल में इतने बड़े पैमाने पर इस तरह की बात न होती या बहुत कम होती लेकिन जानबूझ कर उसकी उपेक्षा की गई । जब मैं उन क्षेत्रों में गया तो मैंने यह भी देखा कि उस समय वहां पर केन्द्रीय सरकार का कोई पुरसाहाल नहीं था, केन्द्रीय सरकार पर आक्षेप किये जा रहे थे, आघात किये जा रहे थे, उसके खिलाफ नारे लगाये जा रहे थे, उसके खिलाफ हर तरह की बात की जा रही थी, लेकिन वहां पर कोई भी केन्द्र का आदमी नहीं था, न पार्टी का आदमी था, न स्थानीय सरकार का ही आदमी था जो उसकी तरफ से वहां पर खड़ा होने वाला था या कहने वाला था । आप जानते हैं कि मैं उन लोगों में से हूं कि जो समझते हैं कि विरोध में रहते हुए भी ऐसी बात होनी चाहिए जो एक सीमा के बाहर न जाने पावे । जो नन्दा जी ने बयान दिया, जो नन्दा जी का ब्राडकास्ट हुआ---मैं नन्दा जी की बहुत बातों से सहमत नहीं हूं---लेकिन मुझे नहीं लगता है कि उस ब्राडकास्ट में कोई ऐसी बात थी जो आपत्तिजनक थी । लेकिन उस ब्राडकास्ट पर जो आक्षेप किये गये, जो आक्रमण किया गया, उसके खिलाफ जो बातें कहीं गईं उसके खिलाफ कहने के लिए वहां पर न केन्द्रीय सरकार का कोई आदमी था, न पार्टी का कोई आदमी था और न स्थानीय सरकार का ही कोई आदमी था । जो सरकार के बारे में गलत बातें कहीं गईं, मनिआर्डर फार्म के बारे में जो बातें कहीं गईं, टेलीग्राम के बारे में जो बातें कहीं गईं, सरकुलर के बारे में जो बातें कहीं गईं, जो गलत प्रोपेगण्डा किया गया उसके खिलाफ कहने की या तो किसी में हिम्मत नहीं थी या लोग यह समझते थे कि यह हमारा काम नहीं है । इस तरह से जिसको कहते हैं मामला इन डिफौल्ट में जाना, वह मैंने वहां देखा और बहुत सी बातें इस आन्दोलन के बीच में सरकार की तरफ से हुईं और उनका समर्थन करने वाला कोई नहीं था । इसी वजह से इस तरह की बातें हुईं । मेरा खयाल है कि आज जो दक्षिण में हुआ वह बहुत दर्दनाक है, बहुत शर्मनाक है और उससे हम सब लोगों की आंखें खुल जानी चाहिएं । यह सिर्फ भाषा का प्रश्न नहीं है, देश की एकता का, देश के लॉ और आर्डर का, सुरक्षा का प्रश्न इसमें सम्मिलित है । हमारे प्राइम मिनिस्टर साहब ने पीछे जो बयान दिया था अगर वह पहले दिया होता कि हम हर भाषा के लिए क्या-क्या करने जा रहे हैं, उसके बारे में तफसील से बतलाया होता, अगर पहले से, चौदह वर्षों से उसकी तैयारी की होती, तो मैं समझता हूं कि जो कुछ देश में इस समय सत्यानाश हुआ, सर्वनाश हुआ, जो खराबियां हुईं, वे न हो पातीं । हमारे प्राइम मिनिस्टर साहिब ने कल उस सदन में कहा कि उनका दिमाग इस संबंध में बिल्कुल साफ है और एक जगह उन्होंने कहा कि I am not weak at heart मेरा कलेजा कमजोर नहीं है । मैं चाहता हूं उनका कलेजा मजबूत रहे लेकिन उसका

[श्री गंगाशरण सिंह]

प्रमाण कम से कम हम लोगों को जो बाहर वाले हैं उनको नहीं मिलता है कि उनका कलेजा बड़ा मजबूत है । हर बात को टालने की और हर बात को कुछ बहाने बना कर टालने की कोशिश की जाती है और इसका असर सारे देश पर पड़ता है । जो चीज़ छिपाई जानी चाहिये, जिनसे छिपाई जानी चाहिए वह नहीं छिपाई जाती है और उनसे नहीं छिपाई जाती है और जो चीज प्रकट होनी चाहिए उसको छिपाने की कोशिश हमारे यहां की सरकार करती है । उसके एक नहीं, अनेक उदाहरण हमारे यहां मौजूद हैं ।

आज भाषा के प्रश्न को लेकर जो वातावरण हमारे देश में पैदा हो गया है उसके लिए केंद्रीय सरकार को और जो प्रान्तीय सरकारें हैं उनको सबसे ज्यादा जिम्मेदार मानता हूं । अगर उन्होंने इस संबंध में सही कदम उठाया होता तो आज इस तरह की परिस्थिति नहीं होती । इस संबंध में आज भी ऐसा मालूम नहीं पड़ता है कि सरकार की ओर से सही कदम उठाया जायेगा । इस संबंध में तरह-तरह की बातें कहीं जा रही हैं और उनकी सफाई के लिए सरकार की तरफ से कोई कोशिश नहीं की जा रही है । अखबारों में खबर निकली, अखबारों में यह छपा और बहुत से लोगों ने अपने भाषणों में कहा कि भाषा का प्रश्न कान्स्टीट्युएन्ट असेम्बली में एक वोट से तय हुआ था । इस संबंध में सरकार की तरफ से सफाई होनी चाहिए थी कि भाषा का प्रश्न कान्स्टीट्युएन्ट असेम्बली में एक वोट से तय नहीं हुआ था । इस संबंध में परिस्थिति यह है कि भाषा का प्रश्न कान्स्टीट्युएन्ट असेम्बली में आपस में बातचीत के बाद सर्वसम्मति से तय हुआ था और कांग्रेस पार्टी की मीटिंग में सिर्फ रोमन लिपि —अंकों —के संबंध में वोटिंग हुई थी और वह एक वोट से तय हुआ था कांग्रेस पार्टी के भीतर । आज भी अखबारों में गलत खबरें निकलती हैं और उनकी ताईद की जाती है ।

भाषा के प्रश्न के संबंध में सबसे पहले हमें यह सोचना चाहिये कि हम क्या करना चाहते हैं ? हर बार जब कोई नई दिक्कत पैदा होती है तो सारी चीज़ को नये सिरे से उधेड़कर देखना चाहते हैं और ऐसा लगता है कि हम इस तरह से किसी भी नतीजे पर नहीं पहुंचेंगे । भाषा का प्रश्न जिस समय कन्स्टीट्युएन्ट असेम्बली में तय हुआ था उस समय लोग एकमत नहीं थे, लेकिन आपस में बातचीत करके, एक दूसरे की सहूलियत का खयाल करके, सारी बातें ग़ौर करके, एक निर्णय पर पहुंचे थे । अगर उस निर्णय को ठीक तरह से कार्यान्वित किया गया होता तो मैं समझता हूं कि आज भाषा के प्रश्न पर इस तरह से सोचने की जरूरत नहीं पड़ती ।

भाषा के प्रश्न पर जवाहरलाल जी का उल्लेख बार-बार किया जाता है और इस उल्लेख के सिलसिले में यह भी कहा जाता है कि वे अंग्रेज़ी को रखना चाहते थे । एक दो मित्रों ने यह भी चर्चा की अंग्रेज़ी हमारी एकता को अक्षुण्ण रखती है । मैं बहुत अदब से कहना चाहता हूं अंग्रेज़ी के संबंध में कि वह एक महान भाषा है और इस बारे में कोई शक नहीं है कि वह दुनिया की एक बड़ी भाषा है । लेकिन जिस कंटेक्स्ट में, जिस सन्दर्भ में, हम आज बात कर रहे हैं, उसमें यह सवाल नहीं उठता है कि वह कितनी बड़ी है और कितनी छोटी है । सवाल तो यह उठता है कि जो लोग आज यह कहते हैं कि अंग्रेजी हमारी एकता को कायम रखने वाली है, अगर वे अपने तर्क को ज्यादा दूर तक ले जाएंगे और मुगल साम्राज्य के दिनों में हिन्दुस्तान की जो हालत थी उस पर ग़ौर करेंगे, तो शायद उन्हें यह भी कहना पड़ेगा कि हमारी एकता को कायम करने वाली चीज़ गुलामी थी । अंग्रेज़ी अगर हमारी एकता को कायम करने वाली है तो यह भी कहेंगे कि हमारा देश विच्छिन्न था और गुलामी ने हमको

कायम रखा और इसके माने यह हुए कि हम गुलामी को कायम रखें । अंग्रेजी से हमारा सम्पर्क रहा है और वह सम्पर्क रहेगा । मैं उन लोगों में से नहीं हूं जो यह चाहते हैं कि अंग्रेजी को देश से बाहर कर दिया जाय । मेरे ख़याल में वह खिड़की रहे जिससे बाहर की हवा हमारे पास आए और जिससे हमें बाहर की सुविधाएं और ज्ञान प्राप्त हो । गुलामी के बाद के इतने दिनों में, इतने लम्बे अरसे में इस देश की भाषाओं को आधुनिक राजकाज के लिए जिस हद तक तैयार किया जाना चाहिए था, जिस हद तक भारतीय भाषाओं को तैयार किया जाना चाहिए था, उस हद तक तैयार नहीं किया गया । इसलिए हमारा अंग्रेजी का सम्पर्क बना रहेगा लेकिन साथ ही साथ अंग्रेजी को भारतीय भाषा बनाने की जो चेष्टा है, अंग्रेजी को देश की राज-काज और जनता के सम्पर्क की भाषा बनाये रखने के लिए जो चेष्टा की जा रही है, वह कभी भी सम्भव नहीं हो सकती है । अंग्रेज़ों ने 150, 200 वर्ष तक इस भाषा को यहां के लोगों को सिखाने की कोशिश की लेकिन केवल दो प्रतिशत ही लोग इस भाषा को पढ़ सके । आज वे लोग यह समझते हैं कि दो, चार, पांच या दस वर्ष में हम अंग्रेजी को एक आम भाषा के रूप में बना देंगे, वह बिल्कुल भी सम्भव नहीं है ।

जवाहरलाल जी का बार-बार उल्लेख किया जाता है । इस संबंध में मैं यह कहना चाहता हूं कि जवाहरलाल जी ने जो कुछ कहा था उस सम्पूर्ण चीज़ को समझना चाहिए और किसी एक ही हिस्से को नहीं । अंग्रेजी के बारे में जवाहरलाल जी ने 13 सितम्बर 1949 में—आफिशियल लैंग्वेज बिल पर बोलते हुए—यह कहा था

"While English is a great language and while English has done us a lot of good, nevertheless no nation can become great on the basis of a foreign language. Why ? Because no foreign language can become a language of the people." I.'ORS 5

इसके बाद उन्होंने और भी यह कहा :

"It is absurd to try and forget what we know and not take advantage of what we have learnt. But English will inevitably be a secondary language meant for a relatively restricted number of people."

जहां तक जवाहरलाल जी के विचार अंग्रेजी के संबंध में थे उससे मैं पूर्ण सहमत हूं । लेकिन इस संबंध में मैं यह कहना चाहता हूं कि इस मामले में नये सिरे से, शुरू से न जाइये । अगर आप फिर वहां जाते हैं तो मैं समझता हूं कि इस प्रश्न का कभी समाधान नहीं होगा और न अंत ही होगा । अगर भाषा के संबंध में सोचना है तो तीन प्रश्न उठते हैं । पहली चीज़ यह है कि अपने देश की कोई भाषा होनी चाहिए या नहीं जो सम्पर्क का काम करे, समन्वय का काम करे और जो एक दूसरे के बीच आदान-प्रदान का काम करे । अगर ऐसी भाषा की जरूरत है तो वह हिन्दी हो सकती है । मैं यह बात इसलिए नहीं कहता हूं कि इस भाषा में ज्यादा ग्रन्थ हैं और यह बहुत बड़ी भाषा है बल्कि इस भाषा का जन्म ही समन्वय और सम्पर्क के लिए हुआ है । आज मेरे पास समय नहीं है, नहीं तो मैं इस इतिहास को बतलाता कि हिन्दी का जन्म एक सीमित क्षेत्र की भाषा के रूप में नहीं हुआ । उसका जन्म तो देश के भिन्न-भिन्न क्षेत्रों के बीच में सम्पर्क करने के लिए ही हुआ है और इसका यह प्रमाण है कि आज यह क्रमशः चार, पांच सूबों की भाषा है, हालांकि वहां की अपनी अपनी बोलियां भी प्रचलित हैं । यह भाषा चूंकि सम्पर्क का काम करती है, उसके जानने वाले अपेक्षाकृत सब से अधिक हैं, उससे लोगों को सहूलियत होगी, इस लिहाज से हिन्दी को रखा गया है । आज प्रश्न का रूप बदल गया है । हिन्दी को जब रखा था हमने, तब हमने यह समझ कर रखा था कि कम से कम 40 प्रतिशत लोग हैं, उनको सहूलियत रहेगी हिन्दी रखने से आज यह सोचा जा रहा है कि भाषा ऐसी रखी जाय, जिसमें दिक्कत हो लोगों को ।

[श्री गंगाशरण सिंह]

पहले रखा था इसलिए कि 30 या 40 प्रतिशत को सहूलियत हो, कम से कम उतने लोग सीख रहें । आज हो गया है भाषा का दृष्टिकोण दूसरा । जिन्हें सहूलियत है, उनको दिक्कत कैसे हो, उसके लिये सोचा जा रहा है ।

दूसरी बात हमको भाषा के सम्बन्ध में यह भी सोचनी चाहिए कि भाषा का प्रश्न जो है, वह सिर्फ राजनैतिक नहीं है । भाषा का सम्बन्ध मस्तिष्क से भी है, भावना से भी है, और रोटी से भी है । इसलिये भाषा के सम्बन्ध में सोचते समय इन सारी बातों को उत्तेजना के वातावरण में नहीं, बल्कि शांति से सोचना चाहिए कि हमको क्या करना है । उसके लिए अगर आप फिर से सारी चीज को जड़ से उखाड़ना चाहें, तो हम ऐसे बर्रे के छत्ते में हाथ लगाएंगे, जिसका सामना कर सकने की शक्ति किसी पार्टी में, किसी दल में और किसी गवर्नमेंट में यहां नहीं है । इसलिए अगर हिन्दी को चलाना है, तो दो बातें हमें स्पष्ट रूप से समझनी चाहिएं । किसी भाषा के सम्बन्ध में यदि यह निर्णय करना है कि कौन सी भाषा देश की भाषा राज भाषा होनी चाहिए, हमने संविधान में यह तय किया, हमने आफिशियल लैंग्युवेज ऐक्ट में यह तय किया, हमारे प्राइम मिनिस्टर ने यह कहा कि वह भाषा हिन्दी होगी । अब दो प्रश्न उठते हैं कि वह भाषा अगर हिन्दी होगी, तो उस भाषा को कैसे काम के लायक बनाया जाय । पहला प्रश्न यह उठता है । दूसरा प्रश्न यह उठता है कि उसको काम में लाने में जिन लोगों को दिक्कतें होती हैं, उनको क्या सहूलियतें दी जायें । यह प्रश्न नहीं है कि जो हिन्दी जानने वाले हैं, उनके सामने क्या दिक्कत पैदा की जाय । पहले जिनको हिन्दी जानने में दिक्कत होती है, उनको क्या सहूलियतें दी जायें, इस दृष्टिकोण से इसको देखना चाहिए । अगर हम सारी चीज को उधेड़ कर देखना चाहते हैं, तो हमारी हालत उस किसान की सी है, जो खेत में फसल बोने के बाद, थोड़े दिन इन्तजार करने के बाद, जब फसल नहीं उगती है, तो वह उधेड़ कर के सारी खेती को देखना चाहता है कि हमारा बीज कहां है, वैसी हालत में फसल में क्या उगेगा, बीज भी नष्ट हो जायेगा और खेती भी नष्ट हो जायगी । इसलिए जड़ से उसको उधेड़ने की जरूरत नहीं है और इसके लिये मैं यह समझता हूं कि एक शांत वातावरण में और शांति से, राजनैतिक स्तर से ऊपर उठ कर, ऐसे विशेषज्ञों और ऐसे समझदार लोगों के बीच में इस प्रश्न को रखना चाहिए, जो बिलकुल निष्पक्ष भाव से इस प्रश्न पर विचार कर के, इसके सम्बन्ध में फैसला कर सकें । लेकिन एक बात उसमें जो निश्चित हो गई है उसे फिर नहीं उठाना चाहिए कि केन्द्र की जो राजभाषा होगी, वह हिन्दी होगी, और हिन्दी के रास्ते में जो रुकावटें हैं, उन रुकावटों को हम कैसे दूर करेंगे और हिंदी को हम उस लायक कैसे बनाएंगे ।

जहां तक कही जाती है अंग्रेजी समझने और जानने की बात, आज आवेश में वैसे चाहे जो कह दिया जाय, लेकिन इसमें कोई शक नहीं है कि जो भारतीय भाषाएं हैं, वे अधिकांश में एक दूसरे के ज्यादा क़रीब हैं । आज हम इस बात को भले ही गुस्से में न मानें, लेकिन देशी भाषाएं एक दूसरे के ज्यादा करीब हैं और उनकी वर्णमाला एक दूसरे के ज्यादा करीब है । अब अगर शब्दों को लीजिए, तो शब्दों का भी यही हाल है । आज अगर हिन्दुस्तान की अधिकांश भाषाओं को आप लीजिए, तो आप यह पाएंगे कि उनमें 10 प्रतिशत, 20 प्रतिशत, 25 प्रतिशत, 30 प्रतिशत और कहीं-कहीं 40 प्रतिशत तक शब्द एक दूसरे के साथ मिलेंगे । ऐसी दशा में देशी भाषाओं के ऊपर अंग्रेजी भाषा को तरजीह देना, मेरा खयाल है कि न तो यह तर्क सम्मत है और न न्याय सम्मत है । जो देशी भाषाएं हैं, उन्हें और हिन्दी को रखना है,

तो उसके लिए हमें सब से पहले यह करना चाहिए कि प्रत्येक प्रांत में हमको लैंग्युएज़ के इन्स्टिट्यूट्स खोलने चाहिएं, जहां प्रत्येक भाषा का पठन-पाठन चालू हो और हमें एक भाषा से दूसरी भाषा में अनुवाद जारी रखना चाहिए, जो आज तक नहीं हुआ । 15 वर्षों में अभी तक जो चीजें आवश्यक थीं, उनका भी अनुवाद हम ठीक से नहीं कर सके हैं । तो ये सारी चीजें जो नहीं हुई हैं, वे सरकार की निष्क्रियता के चलते अभी भी आज जो हम फैसला करेंगे, वह फ़ैसला करने के बाद अगर हम उस पर कोई कार्यवाही नहीं करेंगे, उसके मुताबिक अगर हम आचरण नहीं करेंगे, तो हमारा खयाल है कि हमारा आगे हित होने वाला नहीं है । जो भी हम निर्णय लें, उस निर्णय को कल से कैसे कार्यान्वित करेंगे, कैसे उसको काम में लायेंगे, उसके साथ इसका भी निर्णय कर अगर हम कोई फैसला करेंगे, तो उस फैसले से देश का लाभ होगा और इस समस्या का समाधान होगा, नहीं तो इस समस्या का समाधान होने वाला नहीं है ।

अब उर्दू की बात लीजिए । मैं तो यह मानता हूं कि एक समय आयेगा जब उर्दू और हिन्दी की समस्या हल हो जायगी । मैं यह मानता हूं कि उसमें मुख्य प्रश्न जो है वह लिपि का प्रश्न है, मुहावरे, शब्द और इन सारी चीजों का उतना प्रश्न नहीं है । और एक समय आएगा कि जब शांति के साथ इस प्रश्न को हम हल कर सकेंगे क्योंकि उर्दू भी हमारे ही देश की भाषा है । मैं नहीं मानता कि वह बाहर की भाषा है । उसका जन्म हमारे देश में हुआ और एक ज़माना ऐसा था जब उर्दू और हिन्दी में फर्क नहीं माना जाता था । उर्दू के एक बड़े कवि मीर तकी हुए हैं । वे करुण रस के कवि थे और उनकी कविता में कुछ आलोचकों ने यह दोष निकाला कि मीर साहिब, आपकी कविता में मस्ती नहीं आती है, आपकी कविता में सुरूरेक़ल्ब नहीं है, तो मीर तक़ी ने उसके जवाब में कहा :

> क्या जाने लोग कहते हैं किसको सुरूरे क़ल्ब,
> आया नहीं है लफ्ज़ यह हिन्दी ज़बां के बीच ।।

मीर तक़ी ने अपनी ज़बान को हिन्दी ज़बान कहा । इसलिए मैं यह नहीं समझता हूं कि वह कोई बड़ा झगड़ा है, उसका समाधान होकर के रहेगा और होना चाहिए । लेकिन इस तरह से आग लगाने से झगड़ों का समाधान नहीं होता है ।

इस भाषा के प्रश्न के सम्बन्ध में मैंने जो थोड़ा-बहुत देखा है, सुना है और समझा है, आज कई तरह के लोग इसमें शामिल हो गए हैं । यह कह देने से काम नहीं चलेगा कि सिर्फ भड़काने वालों की वजह से यह हुआ है । मैंने थोड़ा-बहुत जो दक्षिण में देखा है, उससे यह कह सकता हूं कि आज दक्षिण में चाहे भड़काने वालों की वजह से हो, चाहे परिस्थिति की वजह से हो, चाहे जिस वजह से भी हो, आज अहिन्दी भाषी क्षेत्र में लोगों के दिल में बहुत तरह की दुर्भावनाएं और आशंकाएं उठ रही हैं, जिनका ठीक तरह से निराकरण नहीं किया जा सका है, आज उन दुर्भावनाओं और आशंकाओं के निराकरण की आवश्यकता है, उनको दूर करने की आवश्यकता है । इसमें कई तरह के लोग आ गए हैं । कुछ के दिल में निर्विवाद रूप से शक है, उनको कुछ परेशानियां हैं और वे कुछ करना चाहते हैं, लेकिन उनका दिमाग साफ नहीं है, उनको सारी चीजें बतलाई नहीं गई हैं । कुछ उसमें ऐसे लोग भी आए हैं, जो देश को छिन्न-भिन्न करके भाषा की आड़ में अपना काम करना चाहते हैं । कुछ लोग ऐसे हैं, जो इससे नाजायज़ फायदा उठाना चाहते हैं । ऐसे लोग भी इसमें आ गए हैं, जो देश को कमज़ोर करना चाहते हैं । आज इन सब के बीच में फर्क करना पड़ेगा । सब को एक ही लाठी से हांकने से काम नहीं चलेगा । बहुत से लोग हैं जिनके सामने सचमुच

[श्री गंगाशरण सिंह]

दिक्कत है । उनकी दिक्कतें दूर करनी होंगी । बहुत-से लोग हैं जो दिक्कत जानबूझ कर पैदा करना चाहते हैं और ऐसे लोग जो इस देश को छिन्न-भिन्न करना चहते हैं, ऐसे लोग जो भाषा की आड़ में शिकार खेलना चाहते हैं, उनका कोई उपाय आप नहीं कर सकते हैं, वह हमारे और आपके बस की बात नहीं है । लेकिन जिन लोगों के दिल में सही दुर्भावना है, जिन लोगों के दिल में आशंकाएं हैं, उन आशंकाओं को दूर करने की चेष्टा हमारी सरकार को और हम सबको करनी चाहिए ।

भाषा का प्रश्न आज जिस परिस्थिति में आ गया है, मैं ऐसा समझता हूं कि बहुत जल्दी उसका हल निकालना संभव नहीं है । अगर हम इसका हल निकालना चाहते हैं, तो आज से ही इन भारतीय भाषाओं में पारस्परिक आदान-प्रदान के काम को और इन भारतीय भाषाओं की शक्ति को बढ़ाने का काम करना चाहिए । नन्दा जी ने जो बयान दिया 26 जनवरी के बारे में कि प्रसन्नता का दिवस है, उस पर कुछ लोगों ने उज्र किया । मैं भी समझता हूं कि वह प्रसन्नता का दिवस था । 26 जनवरी, सन् 65 जो है, उसको मैं 15 अगस्त सन् 47 के बाद महत्व देता हूं इसलिए नहीं कि हिन्दी का सवाल है, बल्कि इसलिए कि जहां हमारी राजनैतिक दासता दूर हुई सन् 47 में, वहां भाषा की दासता दूर करने का निर्णय हुआ सन् 65 में । इसलिए यह दिन सिर्फ हिन्दी के लिए नहीं बल्कि जितनी भारतीय भाषाएं हैं, उनके लिए भी मुक्ति दिवस के रूप में मनाया जाना चाहिए । यह सब के लिए मुक्ति दिवस था । जो लोग यह कहते हैं कि एकता अंग्रेजी से कायम रहेगी उनको इस बात का भी खयाल रखना चाहिए कि इस देश में कुछ बहुत-से ऐसे लोग हैं, जिनके दिल में एक दर्द है और वे अंग्रेजी को पराधीनता का प्रतीक मानते हैं । ऐसे लोग भी हैं जो गुलामी के साथ इसका सम्पर्क मानते हैं । हमारे देश की गुलामी से उसका सम्पर्क रहा है, और उनकी भावनाओं का आपको खयाल रखना चाहिए । दूसरी बात यह भी है कि जब गांधी जी ने आन्दोलन चलाया, तो उन्होंने ये जो मुख्य चीज़ें देश के सामने रखीं, उनको आज आजादी मिलने के बाद क्या हम हटा देंगे । उन्होंने अछूत उद्धार का प्रश्न रखा, उन्होंने भाषा का प्रश्न रखा, स्वदेशी और ग्रामोद्योग का प्रश्न रखा ।

SHRI BHUPESH GUPTA : We are glad that the Prime Minister has come. But he should note that all this time not a single Cabinet Minister was present despite the fact that the Chair reminded that Cabinet Ministers should be present in the House when discussions took place.

SHRI C. D. PANDE : Anyhow, the Prime Minister has *come.*

THE PRIME MINISTER (SHRI LAL BAHADUR) : 1 am sorry. I think that one of us should remain present here. I am really sorry.

श्री गंगाशरण सिंह : मेरी समझ में एक बात नहीं आई कि राष्ट्रपति के अभिभाषण में जहां और बातों का जिक्र हुआ, वहां हमारे प्रधान मन्त्री ने जो इंगलैंड की यात्रा की, उसके सम्बन्ध में क्यों चुप्पी रखी गई । मैं समझ नहीं पाता कि कुछ मसलहत है उसमें या जैसी हमारी और इन एफिशिएंसी होती है, उसी तरह की बात है । इसी तरह मलेशिया का प्रश्न जो है, वह भी बहुत बड़ा है और उसके सम्बन्ध में हम समझते हैं कि हमें कहना चाहिए । वह बहुत बड़ा प्रश्न है मलेशिया का और इस सम्बध में चुप्पी उचित नहीं । आज जहां तक विदेशों में हमारे प्रचार को, हमारे मामले को सही मानों में रख सकने का सवाल है जो भी लोग बाहर से आते हैं उन पर यह असर होता है कि हमारा मामला विदेशों में ठीक तरह से नहीं रखा गया है, जिस तरह से रखा जाना

चाहिए उस तरह से नहीं रखा गया है । इस सम्बन्ध में सरकार को खासतौर पर कदम उठाना चाहिए और जो परम्परा अभी तक कायम रही है उसको बदलना चाहिए । इस बारे में अगर जरूरत पड़े तो इंक्वायरी करके या जिस तरह से भी हो उस तरह से सुधार करें । जो अवस्था है वह संतोषजनक नहीं है । मैं उदाहरण देकर आपका अधिक समय नहीं लेना चाहता लेकिन आज बहुत-से मामलों में हम देखते हैं कि जब हमारा मामला न्यायपूर्ण है—तब भी हमारी बात दूसरे देशों के सामने नहीं पहुंची और हमारे विरोधी जो अन्याय के रास्ते पर थे उन्होंने अपनी बात का दूसरों के बीच पूरा प्रचार कर लाभ उठाया । हमारे विदेशों में जो कर्मचारी हैं, जो लोग राजदूत होकर जाते हैं, उनके सिलसिले में नये सिरे से हमें सोचना चाहिए । बहुत बार ऐसा होता है कि जो हमारे राजदूत जाते हैं उनके व्यवहार से यह समझना भी मुश्किल होता है कि वे सही मानों में हमारे राजदूत हैं या जहां गये हैं उनके राजदूत हैं । बहुत बार ऐसा होता है । आज नये जागरण की दुनिया में खास करके एशिया और अफ्रीका के देशों की ओर जितने महत्वपूर्ण तरीके से ध्यान किया जाना चाहिए शायद उस महत्वपूर्ण तरीके से ध्यान नहीं दे सके हैं । इसलिए सरकार का ध्यान

[THE DEPUTY CARMAN in the Chair]

उस तरफ भी जाना चाहिए और खास कर आज यह सोचना चाहिए कि भविष्य में एशिया और अफ्रीका के देशों का बड़ा महत्व होने वाला है, अभी तक जैसा यूरोप के देशों का महत्व था उसी तरह अन्तर्राष्ट्रीय मामलों में उनका महत्व होने वाला है और अगर इस तरफ अभी से हमने ध्यान नहीं दिया तो जिस तरह आज चीन एशिया और अफ्रीका के देशों की राय ज्यादा अपने पक्ष में कर सका है वही हालत हमारी बराबर बनी रहेगी और हम अच्छी बात, न्याय की बात कहेंगे तो भी कोई साथ देने वाला नहीं रहेगा । एक साहिब ने मुझसे कहा, उनका यू० एन० ओ० से सम्पर्क था, मैंने उनसे पूछा कि हिन्दुस्तान का मामला इतना साफ है, सारी चीज स्पष्ट है, फिर भी वहां न्याय नहीं होता । तो उन्होंने कहा कि आप गलत समझते हैं कि यू० एन० ओ० में खाली न्याय करने की बात होती है, वहां तो हम, टंटा नहीं बढ़े, झगड़ा नहीं बढ़े, वार नहीं हो, या ऐसी चीजें नहीं हों, इन सारी चीजों को दृष्टि में रख कर वहां बातें करते हैं ।

उपसभापति महोदया, मैंने सदन का बहुत समय लिया और जो समय आपने मुझे दिया उसके लिए मैं अनुगृहीत हूं । अन्त में मैं चाहता हूं कि सरकार कम-से-कम आज देश को एक ऐसा वातावरण दे जिसमें यह मालूम हो सके कि यह सरकार एक साथ मिल कर काम कर रही है और भिन्न-भिन्न शब्दों में, भिन्न-भिन्न आवाजों में, भिन्न-भिन्न तरीके से नहीं बोल रही है और सरकार एक ही है । और जैसा कि मैंने कहा कि साढ़े तीन सरकार नहीं काम कर रही है बल्कि 16 लोगों की एक सरकार काम कर रही है । देश को यह आश्वासन मिलना चाहिए । प्राइम मिनिस्टर का यह कहना कि उनमें बड़ी ताकत है, उनका कलेजा बहुत मजबूत है काफी नहीं है, यह कहने से काम नहीं चलेगा बल्कि देश को अहसास होना चाहिए कि गवर्नमेंट का कलेजा मजबूत है--शंका तो यह है कि इसके कलेजा है भी या नहीं, मजबूत होने की बात तो अलग है । जो मनोविज्ञान के विद्यार्थी हैं वे जानते हैं कि अगर इस तरह की बात को बार बार कहा जाता है तो उसे इंफीरियारिटी काम्प्लेक्स--हीनता की भावना--का द्योतक समझा जाता है । मैं नहीं चाहता हूं कि इसके शिकार हमारे प्राइम मिनिस्टर हों या देश हो । लेकिन इसमें तो कोई शक नहीं है--हमारे प्राइम मिनिस्टर यह जानते हैं--कि जितने गुडविल, जितनी सद्भावना के साथ और जिस अवस्था में वह प्राइम मिनिस्टर हुए

[श्री गंगाशरण सिंह]

फिर आप ने यह भी देखा कि सत्रह बरस में देश में महंगाई का वह आलम हुआ जो कि आज तक के इतिहास में कभी नहीं हुआ। आज तक ऐसी महंगाई कभी दिखाई नहीं दी। बावजूद इसके कि अरबहा रुपया हमने खर्च किया, फिर भी फूड का मसला रहा। तो इतना करने पर भी यह ज़िल्लत क्यों है? हम क्यों नहीं कामयाब हो पाए? मैं तो मरहूम रफी अहमद किदवाई साहिब को बारहा याद करता हूं और इसलिए याद करता हूं कि इसे बापू की बात पर ईमान था, वह समझता था कि आंकड़ों से जंग जीती नहीं जा सकती, कन्ट्रोल से मसला हल नहीं किया जा सकता, इस से अवाम को एतमाद में नहीं लिया जा सकता। तो उन्होंने एक नकशा दिखाया। इसलिए मैं बड़े अदब से कहूंगा कि आप यह जो आये दिन मिनिस्टरी बदलते हैं, वह न बदलें। आप देखिए कि श्री एस० के० पाटिल अमरीका गये। उन्होंने वहां कुछ इन्तज़ाम किया। चूंकि पांच परसेन्ट कम होता था और यह आज की बात नहीं थी, काफी देर से यह बात चली आई थी और इसको किसी-न-किसी तरह से पूरा करना था तो इसका इन्तज़ाम किया, लेकिन जब वह अमरीका से आए तो इस बात का शिकार हो गये या समझा गया कि वह अमरीका में एक बड़ी ताकत बनाना चाहते हैं और कामराज प्लान का निशाना बन गये। वह केबिनेट से चलते हुए। सरदार स्वर्ण सिंह आए, इनके आने से हालत यह हो गई कि मुल्क में भुखमरी, गुरबत और मुसीबतों का एक बड़ा भारी तूफान उठ खड़ा हुआ, लेकिन उन्होंने न पालियामेंन्ट को एतमाद में लिया और न जनता को एतमाद में लिया।

तो डिप्टी चेयरमैन महोदया, आप के जरिये से मैं अपने प्रधान मंत्री से कहूंगा कि आखिर आप इस पर कभी विचार करेंगे कि योजनाएं हमने बनाईं, लेकिन योजनाओं को किस तरह से हम ने चलाया? इस का नतीजा यह है कि आज पंजाब में दो करोड़ अठारह लाख एकड़ ज़मीन में से 30 लाख एकड़ ज़मीन बिल्कुल वाटर लागिंग की नज़र हो गई है और 60 लाख एकड़ ज़मीन इफैक्टिड हो गई है। वह अगर इफैक्टिड न होती और अगर वाटर-लागिंग न होती और इसके लिए योजना की गई होती तो आज पंजाब शायद इस से कहीं ज्यादा खिदमत भारत की करने के काबिल होता जितनी कि वह आज कर पा रहा है।

जब मैं यह सब कहता हूं तो उस वक्त यह ख्याल आ जाता है। सरकार अगर बुरा न माने तो मैं कहूंगा कि श्री लाल बहादुर शास्त्री और श्री गुलज़ारी लाल नन्दा बमुकाबला स्वर्गवासी पंडित जवाहरलाल नेहरू के, गांधी जी के विचारों के ज्यादा करीब हैं।

तो आज सत्रह बरस में जहां उर्दू का जनाज़ा निकाला, मुसलमानों को बेजान किया, वहां हमने यह भी किया कि मज़हब का भी दीवाला निकाला। जैसा कि मेरे बुज़ुर्ग सप्रू साहब कहते हैं, वह बड़े अज़ीमोशान बुज़ुर्ग हैं, कि वह ज़माना गया, मैं मानता हूं कि वह ज़माना गया, लेकिन धर्म हिन्दुस्तान से फैसला, आत्मा और परमात्मा का ज्ञान सब से पहले हिन्दुस्तान ने दिया और आप इस हिन्दुस्तान

को इन सत्रह वर्षों में कहां ले आए हैं ? हर शख्स गिनती करने लगा है। पढ़ाई की बात हो, लिखाई की बात हो, कारोबार की बात हो, सेहत की बात हो, सब जगह सब पैसों में बातें करते हैं, तो मैटिरियलिज्म की तरफ आप खींच लाए हैं और स्प्रिच्यूलिज्म को खेराबाद कह दिया। श्री लाल बहादुर शास्त्री जी ऐसे हैं जिन्होंने कि सब से पहले इस तरफ ध्यान दिया कि आखिर हमें अपने धर्म के बारे में सोचना है, हमें अपने पुराने इतिहास को नहीं भुलाना है। और स्प्रिच्यूलिज्म को फिर से जिन्दा करना है, ताकि सप्रू साहिब अपने को समझ पाएं। मुझे एक किस्सा याद आता है। अरबों की फौजें योरुप के मैदानों में घोड़े दौड़ा रही थीं। तो स्पेन के बादशाह ने अरब के एक जरनेल को बुलाया। वह जरनेल गया तो बादशाह ने देखा कि इस का घोड़ा मरियल सा है, जरनेल भी बहुत खूबसूरत नहीं है, इसके हथियार भी शानदार नहीं हैं, तो इसने कहा, जरनेल, मुझे बताओ कि तुम्हारी हालत यह है कि जो मैं देख रहा हूं और हमारी हालत यह है कि हमारे पास दुनिया की सब से ज्यादा ताकत की चीजें मौजूद हैं, फिर भी हम क्यों हारते हैं और तुम जीतते हो ? जो जरनेल ने कहा कि एक चीज़ आप के पास है वह हमारे पास नहीं है, लेकिन एक चीज़ जो हमारे पास है वह आप के पास बिल्कुल नहीं है। स्पेन के बादशाह ने कहा कि वह कौन सी चीज़ है जो हमारे पास है और तुम्हारे पास नहीं है और वह कौन सी चीज़ है जो तुम्हारे पास है और हमारे पास नहीं है ? जरनेल ने कहा कि आप के पास मौत का डर है और मुसलमान के दिमाग़ में इसका कोई खोफ़ नहीं है। तो वह तुम्हारे पास है और हमारे पास नहीं है। फिर हम को अल्ला पर भरोसा है, खुदा पर भरोसा है, और आप को साज़ो सामान पर भरोसा है, इसलिए हमारी जीत होती है। तो आज शास्त्री जी अगर फिर से हिन्दुस्तान के बच्चे-बच्चियों को, नौनिहालों को, भगवान् राम और कृष्ण की कहानी सुना पाएं, इन में कृष्ण की बंसुरी बजा पाएं, तो यह एक बहुत खिदमत होगी हिन्दुस्तान की और मुल्क की। डिप्टी चेयरमैन महोदया, ग़ज़ब है खुदा का कि फ्लड आता है तो क्या हालत होती है ? दिल्ली पंजाब से मिली है लेकिन दिल्ली का पानी पंजाब में जाएगा, राजस्थान का पानी पंजाब में जाएगा या उत्तरप्रदेश में जाएगा यानी हर एक स्टेट को अपने आप को बचाना है बजाए इसके कि अपने को मुल्क का एक हिस्सा समझें, बजाए इसके कि अपने आप को एक इकाई समझें, लेकिन हर एक को अपने आप को बचाने की फिकर है चाहे फिर कोई डूब जाए। हर एक ने यह नहीं सोचा कि मुल्क एक है और इसका एक इन्तज़ाम होना चाहिए। क्या वजह है कि हम ने तीन योजनाएं बनाई, लेकिन फिर भी फ्लड बढ़ता गया, फ्लड से करोड़ों और अरबों रुपये का नुकसान होता चला जा रहा है ?

मैं एक बात और कहना चाहता हूं। गांधी जी ने कहा था कि अगर मेरा बस चले तो मैं चाहूंगा कि राष्ट्रपति के पद पर हरीजन बेटी बैठी हो और प्रधान मंत्री के पद पर कोई किसान बैठा हो। क्या मतलब था उनका ? वह हरीजन और किसान को उठाना चाहते थे। लेकिन आज हालत क्या है ? अभी चन्द महीने हुए, रिपब्लिकन पार्टी के पचास हजार से ज्यादा भाई जेलों में गये। और किसानों की हालत यह है कि हम किसानों की चर्चा बड़ी करते हैं लेकिन हम ने देखा कि चावल की समस्या साऊथ में बहुत जबरदस्त एक्यूट थी। हम ने क्या किया ? हम ने यह किया कि हम ने पेडी नहीं खरीदी, धान नहीं खरीदा, और जिस भाव पर उसे बिकना चाहिए था उससे तीन रुपये फी मन कम बिका। यानी करोड़ों रुपये किसानों को कम मिला जो इन को मिलना चाहिए था और जिसके मिलने पर भी उनका पेट नहीं भरता। तो हम ने क्या किया ? हमने नहीं लिया और उसको कारखानेदारों ने खरीदा, बड़े-बड़े सरमायादारों ने खरीदा और उसके बाद चावल का जो भाव था उसको और भी बढ़ाया। इसके मानी यह हुए कि करोड़ों किसान

[**श्री अब्दुल ग़नी**]

भाइयों की जगह मुठ्ठी भर कारखानेदारों ने फायदा उठाया और करोड़ों किसान भाई इससे महरूम हो गये। मैं यह कहता हूं इसलिए कि कांग्रेस के अंदर बड़े से बड़े त्यागी बैठे हैं। बड़ी बड़ी कुर्बानी करने वाले बैठे हैं। (Time bell rings)

मैडम, मैं ने तो अभी शुरू भी नहीं किया है।

उपसभापति : 15 मिनट आप ले चुके हैं।

श्री अब्दुल ग़नी : मैं अर्ज़ कर रहा था कि कांग्रेस के अंदर बड़े जबरदस्त नेता बैठे हैं लेकिन इसके बावजूद यह त्रुटियां क्यों आई ? मैडम, मैं हमा जब उन्होंने थानू पिल्ले को भेजा, थानू पिल्ले को इसकी जगह से हटाया, वह प्रजा सोशलिस्ट पार्टी का नेता था, लेकिन उसको ले आए। जैसे कि उनमें कोई कमी नहीं थी जो उसका लाना जरूरी था। फिर वह अशोक मेहता जी को अपनी प्लानिंग में ले आए। लेकिन इससे बात बनेगी नहीं। अपोज़िशन को कमजोर कर के दुनिया में आप यह भी चाहें कि डेमोक्रेसी रहे, ऐसा होने वाला नहीं है। अगर आप चाहते हैं, आपके दिमाग में है तो फिर इस तरह से पार्टियों में चाहे कम्यूनिस्ट पार्टी हो, प्रजा सोशलिस्ट पार्टी हो, जन संघ पार्टी हो, उन सब में तोड़ फोड़ करके आप कोई ताकत नहीं पकड़ेंगे; क्योंकि फिर आप में कनफ्यूज़न बढ़ जाएगा।

श्री आई० के० गुजराल (दिल्ली) : आपको उसमें भेजा है।

श्री अब्दुल ग़नी : मैं तो जो कुछ हूं, सो हूं, लेकिन मेरे अंदर यह बुज़दिली नहीं है कि मैं श्री लाल बहादुर शास्त्री के साथ बैठ कर उनकी पीठ में छुरा घोंपूं, मैं सीने में गोली डालने का कायल हूं। मैं पीठ में छुरा घोंपने का कायल नहीं हूं। कितने हैं आप में जो आज श्री लाल बहादुर शास्त्री के साथ रात दिन लगे रहते हैं ? तो मैं बड़े अदब से अर्ज़ करूंगा कि अगर आपने ज़बान के मसले पर सम्भलना है, पूरी ताकत के साथ श्री लाल बहादुर शास्त्री जी जो चाहते हैं वह मनवाएं, अपनी पार्टी से नहीं, सारे देश से मनवाएं, फूड के मामले में क्या गज़ब है ? मैं ने अरब के जरनैल की बात कही थी कि हमारी हालत क्या हुई सत्रह बरस में कि हमारे सब से बड़े जरनैल कौल नेफा से भाग कर दिल्ली आए और दिल्ली में आकर पनाह ली। मुझे कहना है कि वह फौज क्या जिसके जरनैल की यह हालत हो जाए ? चीन वालों को हम कहते थे कि अफीमची हैं, चूहे खाते हैं, यह पता नहीं क्या-क्या खाते हैं, सभ्यता नहीं है, हमारी सभ्यता बड़ी शानदार है। मगर उसके हाथों हमारी कितनी जिल्लत हुई कि हज़ारों मुरब्बा मील हमारी ज़मीन उनके तहत है। मैडम डिप्टी चेयरमैन, आपकी ख्वाहिश है, मैं जल्दी करूं तो मैं कहूं क्या ? कभी पुराने किला में सरोजिनी नाइडू ने एक कान्फ्रेन्स बुलाई थी एशिया के तमाम मुल्कों की, बापू ने उसको सहारा दिया था, बापू हिन्दुस्तान के सारे एशिया के रहबर थे, लीडर थे। आज वह लीडरशिप अगर करनल नासिर के. . .

अरे इतना कुछ कहा, आप ने सुना नहीं ? रात भर सुनते रहे और सुबह उठ कर कहने लगे जुलैखा मर्द थी कि औरत ? मैंने तो कहा कि सब से बड़े अल्लामा जो हैं वह हिन्दी के हैं। मैंने यही बात कही आपने सुनी नहीं। अब्दुल रहीम खानखाना का मुकाबला कोई हिन्दू नहीं कर सकता। अमीर खुसरो की हिन्दी का मुकाबला कोई नहीं कर सकता, तकी की ज़बान का मुकाबला कोई नहीं कर सकता। जो उन्होंने हिन्दी में अशआर कहे हैं। मेरा मतलब यह है कि ज़बान को संभालिए, यह जो बेइमानी का राज है, कन्ट्रोल राज, परमिट राज, इसको खत्म कीजिए। सुब्रह्मण्यम जी को अपनी टीम मज़बूत करने के लिए समझाईये और अगर नहीं समझते तो उन्हें निकालिए;

क्योंकि जो वक्त पर आप की पीठ में छुरा घोंप दे, उसको अगर निकालिएगा नहीं तो बहुत बुरा हाल होगा; क्योंकि आप निकाल कर भी कृष्णा मेनन को फिर भी छोड़ते नहीं हैं चाहे उसने कितनी ही ग़द्दारी की हो। सुब्रह्मण्यम ने उस वक्त बिल्कुल अन्याय किया, ज्यादती की श्री लाल बहादुर शास्त्री के साथ। मैं एक बात कह कर मैडम बैठ जाऊंगा। सरदार पटेल को क्यों याद करता हूं ? क्योंकि सरदार पटेल ने जब इतने पागल हो गये थे लाखों हिन्दू, सिख और मुसलमान भाई, बेगुनाह कतल हो गये थे, तो उन्होंने कहा—कोई कतल नहीं होगा। मुसलमान जायें, हिन्दू जायें, कोई कतल नहीं होगा। एक की नकसीर नहीं फूटेगी। आज नन्दा जी को भी करेडिट देता हूं कि रूरकेला, जमशेदपुर और कलकत्ता में जहां रात को बस्तियां बसती थीं सुबह वहां मकान नहीं थे, न इंसान थे, न हैवान थे, सिर्फ आग के शोले थे। उन्होंने पूरी कुव्वत के साथ, हिम्मत के साथ, सरदार पटेल की रूह को जिन्दा किया।

आखिरी मुबारकबाद यह देता हूं कि श्री लाल बहादुर शास्त्री जी ने सिर्फ इम्प्रूप्राइटी के लिए कि जो चन्द नामुनासिब बातें हुईं, इसके लिए बीरेन मित्रा को, पटनायक को चलता किया। यह फखर की बात है कि आठ बरस पहले न सिर्फ यह कहा गया था कि पंजाब के चीफ मिनिस्टर ने इम्प्रूप्राइटी की, बल्कि यह कहा गया था कि कंस्ट्रक्टिव रेस्पोंसिबिलिटी . . . आप ने तिब्बत जैसे इस देश को, जो देश हमेशा आज़ाद रहा, हमारे साथ रहा, उसको आपने इनाम के तौर पर चाऊ-एन-लाई को दे दिया, इसका नतीजा यह है कि आज हम कुछ कह नहीं पाते हैं। हमारे सरदार स्वर्ण सिंह जी कहते हैं कि हमारा कोलम्बू प्लान जो था, जो इनकी तजावीज़ हैं, इनके साथ हैं। खुदा के लिए रहिये, हर्ज की बात नहीं है, लेकिन क्या आप समझते हैं किसी के साथ वायदा है, हमने को-एग्ज़िस्टेंस करना है। अगर दूसरा माने, तब तो करना है। मगर दूसरा मानता ही नहीं है, फिर भी कहते हैं, हम तो इसके साथ हैं। फिर यही करें कि अगर आप यह चाहते हैं कि देश अहिंसा पर चले तो फिर अहिंसा की ही फिकर करें। अहिंसा को ही अपनाएं और अगर ताकत कायम रखनी है। (Time bell rings) तो फिर मैं आखिरी बात कह कर खत्म कर देता हूं। क्योंकि मैडम का हुक्म मैं हमेशा मानता हूं। मैं कहता हूं कि अगर आप एटम बम्ब बनाना नहीं चाहते हैं तो आप न बनाइये, लेकिन दूसरा अगर धमकी देता है—अमरीका बड़ा बदमाश मुल्क है—तो रशिया को ही कहिए कि हमने हमेशा प्यार से आपका साथ दिया, अब यह चीन वाले क्यों आंखें दिखा रहे हैं ? चीन हमारे मुल्क पर राज करना चाहता है, नहीं कर पायेगा, जब तक एक-एक आदमी गांधी जी का चाहने वाला यहां है, वह चन्द दिन राज नहीं कर पायेगा, लेकिन वह हमारी एकोनोमी को खराब करना चाहता है। वह चाहता है हमें उलझा दे, हमारी सारी तवज्जो अपनी तरफ लगा दे। तो इसलिए मैं मेडम डिप्टी चेयरमैन के ज़रिये अपने प्रधान मंत्री से कहूंगा कि ज़बान के मसले को जितनी जल्दी हल कर पायें, कीजिये। उर्दू में मुसलमानों की तमाम मज़हबी, तारीखी और मआशृति, जितनी भी इनकी ज़िन्दगी है, वह उर्दू के साथ वाबस्ता है। अल्लामा कैफी को छोड़िये, अल्लामा गोपीनाथ को छोड़िये, त्रिलोकचन्द महरूम को छोड़िये, सरशार और नसीम को छोड़िये, चकबस्त को छोड़िये जो उर्दू के मालिक थे। अब्दुलरहीम खानखानां, अमीर खुसरो . . .

श्री आई० के० गुजराल : आप उर्दू को मुसलमानों की ज़बान कहते हैं, वह तो हमारी भी ज़बान है।

श्री अब्दुल ग़नी : . . . यह हैपी चेंज है जो श्री लाल बहादुर शास्त्री की सरकार लाई है। मैं फ़राख़-दिली से मुबारकबाद देता हूं।

[श्री अबदुल गनी]

जितनी अच्छी बातें उन्होंने की हैं उनके लिए शुक्रिया ।]

श्रीमती सीता युद्धवीर (आंध्र प्रदेश) : उपसभापति महोदया, आज राष्ट्रपति जी के अभिभाषण पर जो चर्चा हो रही है उसके बारे में सबसे पहले मैं उस भाषण के लिये हार्दिक स्वागत करती हूं । गत वर्ष अच्छी तथा बुरी अनेकों घटनाओं के कारण अति महत्वपूर्ण रहा । विश्व ने कुछ ऐसे महान् व्यक्तियों की सेवाएं खो दीं जिनके निरन्तर कार्यों द्वारा विश्व-शान्ति की दृढ़ नींव रखी जाती थी । पूज्य नेहरू जी का निधन केवल इस राष्ट्र के लिये ही नहीं, समस्त मानवता के लिए एक महान् क्षति थी । नेहरू जी के अचानक निधन से हुई क्षति की पूर्ति शायद ही की जा सकेगी तथा इस देश के वासी उनके नाम को, उन प्रयासों के कारण जो कि उन्होंने राष्ट्र को सर्वोच्च स्थान प्राप्त करवाने के लिए किये, युगों तक याद रखेंगे । इस महान् विभूति ने केवल राजनीति को दृढ़ करने के लिए ही नहीं किन्तु उसे विश्व की अन्य महत्वपूर्ण घटनाओं से सम्बन्धित करने के अथक प्रयत्न किये । नेहरूजी ने हमारे सामने जीवन का उद्देश्य रखा, हमें निर्देशित किया तथा हमारे समक्ष स्वाधीनता का एक नवीन अर्थ रखा । उनके व्यक्तित्व ने भारत के विभिन्न क्षेत्रीय, भाषीय, जातीय तथा राजनैतिक दलों में एकता के सूत्र का कार्य किया । नेहरू जी में प्राचीन संस्कृति तथा वर्तमान क्रांतिकारी विकासों का समन्वय था ।

एक नई अन्तर्राष्ट्रीय घटना ने लोगों के दिमाग में हलचल मचा दी है । वह है चीन द्वारा अणु बम का विस्फोट । यद्यपि इससे हमें बहुत अधिक आश्चर्य नहीं हुआ फिर भी चीन के इस कार्य ने भविष्य में विश्व-शान्ति को एक महान् धमकी दी है । चीन के नेता माऊ के इस व्यवहार की तुलना कुछ सीमा तक यूरोप की भूमि पर 1930 में हिटलर द्वारा अपनाये गये भयानक ढंगों से की जा सकती है । अगर मानवता को अपनी भूलों से कुछ सीखना है तो यह आवश्यक है कि विश्व की समस्त महान् शक्तियां चीन की धमकियों का सफलतापूर्वक सामना करने के लिए एक हो जायें । इस संबंध में यह सुझाव देना अनुचित न होगा कि चीन की इस स्पष्ट धमकी का सामना करने के लिए सोवियत रूस, संयुक्त राज्य अमेरिका, यू० के० भारत तथा अन्य शान्ति-प्रिय राष्ट्र एक सामान्य नीति को अपना लें जिससे विश्व में शान्ति रहे ।

श्रीमती जी, कांगो की घटना ने भी बहुत बुरा प्रभाव डाला तथा कुछ समय के लिए ऐसा अनुभव होने लगा, मानो अफ्रीका पुनः रक्तपात तथा क्रान्ति का स्थल बन जाएगा ।

सुदूर पूर्व देशों में वियटनाम की स्थिति में विश्व संघर्ष की गंभीर सम्भावनाएं निहित हैं । यह जन साधारण का अनुमान है तथा जब तक कि हमारे प्रधान मंत्री के इस सुझाव पर कि राष्ट्रपति जानसन तथा प्रधान मंत्री कोसीजिन मिल कर विश्व को इस भयानक बरबादी से बचाने का हल ढूंढे, यह घटनाएं विश्व-शांति की स्थिति को खतरा पहुंचा सकती है । गत वर्ष विश्व-शान्ति खतरे में थी ।

यू० के० में हुए राजनैतिक परिवर्तनों ने जिनके द्वारा सत्ता—हैरल्ड विलसन के नेतृत्व में—लेबर पार्टी के हाथ में आ गई है उसने भारतीय जनता में प्रशंसा तथा आशा उत्पन्न कर दी है । यू० एस० ए० में हुए परिवर्तन, जिन्होंने जानसन को और भी विश्वास के साथ अपने पद पर आसीन रहने में मदद दी है, भारतीय जनता द्वारा प्रशंसा की गई ।

पाकिस्तान के साथ हमारे संबंध वैसे ही हैं । हमारी सीमाओं पर चीन तथा पाकिस्तान की संयुक्त साजिश हमारी राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए एक निरन्तर धमकी बनी हुई है तथा हमारे समक्ष केवल एक ही रास्ता है और वह है अपनी

सशस्त्र सेनाओं को और अधिक दृढ़ करना। उसके लिए चाहे हमें कितने ही कष्ट क्यों न सहन करने पड़ें।

श्रीमती जी, चारों ओर जब हमारे सामने इतने संकट हैं तो घर के अन्दर एक महान् संकट खाद्य का है। खाद्य समस्या तथा महंगाई की समस्या तो वास्तव में मानव के लिए एक भयंकर समस्या बनती जा रही है। गत वर्ष कोई भी ऐसी प्राकृतिक प्रकोप वाली घटना नहीं हुई जिससे आर्थिक तंगी का कारण हो। हमारी फसलें अच्छी रहीं और विश्व में कोई अन्य महान् घटना नहीं हुई। फिर भी सब वस्तुओं के दाम इतने बढ़ गये कि निश्चित आयवाले कर्मचारियों को बहुत अधिक आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। यह देख कर कुछ संतोष होता है कि अब वस्तुओं के दाम कुछ गिर रहे हैं, पर अभी भी यह डर लगता है कि कहीं भाव फिर से न चढ़ जाएं। खाद्य मंत्रालय ने खाद्यान्नों के लिए स्टेट ट्रेडिंग कारपोरेशन स्थापित करने में बिल्कुल उचित कदम उठाया है। मुझे आशा है कि यह निश्चय ही कीमतों को स्थिर करने में सहायता करेगा। और यदि ऐसा न हुआ और महंगाई की अग्नि अन्दर अन्दर जलती रही तो इससे महान् अग्नि भड़कने का खतरा है। पेट की भूख को बड़े से बड़े आदर्श से नहीं मिटाया जा सकता है, पेट की भूख तो महंगाई दूर होने से ही मिटेगी। इस महंगाई के कारण जनता में उत्साह नहीं है। यह ठीक है कि गत वर्ष हमारे देश में अधिक अन्न पैदा हुआ, लेकिन फिर भी यह महंगाई क्यों है, यह बात मेरी समझ में नहीं आती है। मैं आपके सामने हैदराबाद का उदाहरण देना चाहती हूं। अभी वहां पर जो गेहूं दिल्ली में खाया जाता है उससे कुछ एक नम्बर नीचे के गेहूं का भाव 200 रुपया क्विन्टल है। अभी भावों में कुछ कमी हुई है, लेकिन यह कब तक कायम रहेंगे, इस बारे में कुछ नहीं कहा जा सकता है। वहां पर दूध का भाव 1 $\frac{1}{2}$ रुपया किलो है। श्रीमती जी, जहां इतनी महंगाई हो, वहां सब्जी और फल भी महंगा होना जरूरी है। सब्जी और फल हर इन्सान नहीं खा सकता है। चावल और गेहूं ऐसी चीज हैं जो हर इन्सान के लिए बहुत ही आवश्यक हैं। मैं आशा करती हूं कि हमारी सरकार इस ओर अवश्य ध्यान देगी; क्योंकि जिनके पास ज्यादा पैसा है, धन है, उनको ऐसी चीजों की जरूरत नहीं है लेकिन जिनके पास धन नहीं है उन्हें तरह तरह की कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। दो तीन स्थानों में महंगाई के कारण आत्म-हत्याएं तक हो गई हैं जो कि हम सब लोगों के लिए बहुत ही दुःख की बात है। तो मैं आशा करती हूं कि हमारे खाद्य मंत्री जी इस संबंध में उचित कदम उठायेंगे। इसके साथ ही साथ मेरी यह मांग है कि जो लोग इस देश में अन्न को दबा कर रखते हैं उनको निकालने की कोशिश की जायेगी। लेकिन देखने में यह आता है कि जो लोग इस तरह का अन्न दबा कर रखते हैं, उन्हें उत्साह दिया जाता, है जिससे वे ब्लैक मार्केट करें और देश में इस तरह की स्थिति पैदा कर दें जिससे लोगों को अन्न न मिल सके। इसलिए मेरी प्रार्थना है कि सरकार को इस तरह की स्थिति को रोकने के लिए उचित प्रबन्ध करने चाहिएं।

दूसरी बात यह है कि एक ओर तो महंगाई है और दूसरी ओर कुछ वर्गों का मैं नाम लूंगी जैसे शिक्षक लोग हैं, डाक्टर हैं, इनको बहुत कम तनख्वाह मिलती है। मैं डाक्टरों की बात बाद में कहूंगी, लेकिन मैं पहले टीचरों की बात कहना चाहती हूं। ये लोग इतनी मेहनत से और इतने वर्ष व्यतीत करके जो काम करते हैं उसके बदले में जो तनख्वाह उन्हें मिलनी चाहिये वह तनख्वाह नहीं मिल पा रही है। मैं यह मानती हूं कि हमारी सरकार के सामने कुछ आर्थिक समस्याएं होंगी और वह उनका दृढ़ता के साथ सामना करेगी। लेकिन मैं यह कहना चाहती हूं कि जो टीचर हमारे बच्चों को पढ़ाते हैं, मेहनत से पढ़ाते हैं, अगर हम उन्हें उचित तनख्वाह नहीं देंगे तो उनके लिए इस क्षेत्र में कोई उत्साह नहीं रह

[श्रीमती सीता युद्धवीर]

जायेगा। आजकल यह देखा जाता है कि टीचरों को बच्चों को पढ़ाने में ज्यादा उत्साह नहीं है और यही वजह है कि आजकल बच्चों के लिए अलग से ट्यूशन लगाना पड़ता है; क्योंकि स्कूलों में उन पर अच्छी तरह से ध्यान नहीं दिया जाता है। उनका कहना है कि 10 वर्ष मेहनत करने के बाद जो तनख्वाह उन्हें दी जाती है, उससे ज्यादा तनख्वाह आज एक चपरासी को मिलती है।

यही हाल हमारे डाक्टरों का है। आजकल एम० बी० बी० एस० करने के बाद डाक्टरों की यह इच्छा रहती है कि क्यों न बाहर जाकर नौकरी की जाये या अपना प्राइवेट काम क्यों न किया जाये; क्योंकि सरकारी नौकरी करने में तो बहुत कम तनख्वाह मिलती है। मुझ से बहुत से हाउस सर्जनों ने कहा कि हम को एम० बी० बी० एस० पास करने के लिए कुछ साल लगाने पड़ते हैं, लेकिन हमारे मुकाबले में जमादार को ज्यादा तनख्वाह मिलती है। इतनी मेहनत करने के बाद भी अगर उन्हें पेट भरने के लिए अच्छी चीज़ नहीं मिलेगी, अच्छी तनख्वाह नहीं मिलेगी, तो वे मरीजों की सेवा भी अच्छी तरह से नहीं कर सकेंगे। अगर हम उन्हें उचित तनख्वाह देंगे तो वे मरीजों की सेवा जान से करने लगेंगे और इस सेवा का नतीजा बहुत अच्छा निकलेगा। मैं आशा करती हूं कि हमारी सरकार इस ओर अवश्य ध्यान देगी।

श्रीमती जी, हमने रिटायर होने की जो उम्र रखी है वह 58 वर्ष की है और मैं चाहती हूं कि वह उम्र 60 या 62 कर दी जानी चाहिये। मैं कई अस्पतालों में देखती हूं कि जो डाक्टर या फिजिसियन 58 वर्ष की उम्र में रिटायर हो जाते हैं वे प्राइवेट नौकरी या नर्सिंग होम्स में काम करने लगते हैं। तो मेरी प्रार्थना है कि इस तरह के लोगों का सरकार क्यों न पूरा फायदा उठाये और उनके रिटायर होने की उम्र को बढ़ा दे ?

इससे आगे चलकर मैं यह कहना चाहती कि हमारे देश में जो छोटे-छोटे मसले हैं उनका हल निकाल लिया जाना चाहिये, ताकि देश में उत्साह बढ़े और लोगों में भी अमन-चैन हो। जब मैं अपने चारों तरफ नज़र दौड़ाती हूं तो देखती हूं कि कहीं पर छोटे झगड़े हैं तो कहीं पर बड़े झगड़े हैं। इस संबंध में मैं मैसूर, आन्ध्र और मद्रास के पानी के झगड़े के संबंध में कहना चाहती हूं। इस झगड़े का हल जल्द से जल्द निकाल लेना चाहिये। अगर हम इस पानी के झगड़े को हल नहीं करेंगे तो एक दूसरे के प्रति अविश्वास की भावना पैदा होगी। हम लोग आपस में मिलते हैं, बातें-चीते हैं, लेकिन इस समस्या को हल नहीं कर पाते हैं। इसलिए मेरी प्रार्थना है कि इस पानी के झगड़े की समस्या को हल किया जाना चाहिये। अगर हम इस समस्या को हल नहीं करते तो कल हवा का झगड़ा भी हमारे बीच में हो सकता है कि उसका रुख इधर को होना चाहिये।

श्रीमती जी, भारत और सीलोन के साथ जो समझौता हुआ है वह एक पड़ौसी देश के साथ अच्छे संबंधों का चिह्न है। मुझे आशा है कि नये मनोनीत अम्बेसेडर उस देश के साथ हमारे संबंधों को एक नया मोड़ देंगे।

श्रीमती जी, चीन की धमकियों के कारण हिमालय प्रदेश को जिस स्थिति का सामना करना पड़ रहा है, वह चिन्ताजनक है। नेपाल के साथ हमें अच्छे संबंध बनाये रखने चाहियें। आने वाले कुछ वर्ष हिमालय में विकसित होने-वाली बातों से सम्बन्धित तथा प्रभावित होंगे। वास्तव में इस क्षेत्र की वर्तमान स्थति को "हिमालय में राजनीति" कहा जा सकता है।

श्रीमती जी, नागालैंड में भी शांति की प्राप्ति अभी पहुंच से दूर है। यद्यपि यह एक निजी समस्या है फिर भी इस प्रदेश की तनावपूर्ण स्थिति के कारण यह अति महत्वपूर्ण है।

इन कठिनाइयों के अतिरिक्त हमारी अनुशासन व्यवस्था भी असंतोषप्रद है। दिन के वक्त पंजाब के भूतपूर्व मुख्य मंत्री श्री प्रताप सिंह कैरों का कत्ल होना एक गंभीर बात है और इससे हमारी सुरक्षा सेवाओं में पूर्ण विश्वास रखने वालों के भी दिल हिल गये हैं। मुझे तो खयाल था कि मेरे पूर्व जिस वक्ता ने इतना महत्वपूर्ण भाषण दिया, वे शायद इस बारे में भी कुछ रोशनी डालेंगे।

شری عبدالغنی : وقت نہیں ملا ورنہ ضرور کہتا ۔

†[श्री अब्दुल ग़नी : वक्त नहीं मिला, वरना जरूर कहता ।]

श्रीमती सीता युद्धवीर : श्रीमती जी, अंत में मैं यह कहूंगी कि इस नव गणतंत्रीय वर्ष के दिन से भाषा की समस्या ने एक अति घृणास्पद मोड़ ले लिया है तथा इसने वर्तमान नेताओं को एक धमकी दी है। इस समस्या के शांतिपूर्वक समाधान का केवल एक ही रास्ता है कि एक ऐसा हल ढूंढा जाये जिससे इस देश के विभिन्न भाषीय लोगों में आवश्यक विश्वास पैदा किया जा सके। हिन्दी के राष्ट्रीय भाषा होने का प्रयत्न इसलिये है कि देश की बहुत अधिक संख्या इस भाषा को बोलती है। किन्तु इसके साथ ही इस बात का भी ध्यान रखना चाहिये कि हिन्दी से प्राचीन अन्य कई भाषाएं भी हैं जो कि बहुत अधिक विकसित हो चुकी हैं जिन्हें हिन्दी प्रतिस्थापित नहीं कर सकती। किन्तु हिन्दी निश्चित ही अंग्रेजी का स्थान ले सकती है। फिर भी दक्षिण के क्षेत्रों में, वहां के लोगों में कुछ ग़लतफहमियां हैं। उन ग़लतफहमियों को दूर करना होगा। वहां पर बहुत ही सावधानी रखने की आवश्यकता है। मुझे तो आश्चर्य होता है, जब मैं यह झगड़ा सुनती हूं। दक्षिण के लोग, जो इतने बुद्धिमान् गिने जाते हैं, वे इस भावना में क्यों बहे जा रहे हैं और हिन्दी का विरोध करते हैं? बहुत स्थानों से मुझे पता लगा है कि असल में वहां पर यह झगड़ा कभी नहीं होता, यदि अच्छे ढंग से हिन्दी भाषा का वहां प्रचार किया जाता और बताया जाता कि हम हिन्दी को राष्ट्रभाषा इस ढंग से बनाना चाहते हैं।

अंत में मैं इतना और कहना चाहूंगी कि गत वर्ष संसद् के विशेष अधिकारों का भी समाचार पत्रों में बहुत अधिक जिक्र होता रहा है। वह भी एक अति नाजुक विषय है कि सर्वोच्च न्यायालय को भी इन जिक्रों में लाया गया। इन मामलों में भी अच्छे राजनैतिक ढंग से विचार होना चाहिये।

अंत में इतना और कहना चाहती हूं कि चौथी योजना के लक्ष्य, जो हमारे सामने बताये गये हैं, वे आकर्षक हैं। केवल एक बात जो कि योजना कर्ताओं को स्पष्ट करनी है, वह यह है कि क्या योजना की सफलता केवल निर्धारित व्यय के लक्ष्य को प्राप्त करने में है अथवा कार्यों के लक्ष्य को प्राप्त करने में है? यह एक आम चर्चा है, आलोचना है कि हमारी प्राप्तियां उन पर किये गये व्यय की अपेक्षा कम हैं।

हमारे शैशव काल में जा रहे प्रजातंत्रात्मक शासन के लिए 1965–66 का वर्ष महान् प्रयासों का वर्ष रहेगा, ऐसी मैं आशा करती हूं, और इस अभिभाषण का हार्दिक स्वागत करती हूं।

श्री नफ़ीसुल हसन (उत्तर प्रदेश) : जनाब डिप्टी चेयरमैन साहिबा, जो तजवीज राष्ट्रपति का शुक्रिया अदा करने के लिये मेरी बहन ने इस सदन के सामने उपस्थित की है, उसकी मैं ताईद करता हूं। उन्होंने जो राष्ट्रपति जी की सेहत के लिये दुआयें की हैं, उनमें भी

†[ ] Hindi transliteration.

[श्री नफ़ीसुल हसन]

मैं अपने आप को शामिल करता हूं। उन्होंने मरहूम जवाहरलाल जी के लिये जो खिराजे अकीदत पेश किया है, उसकी भी मैं ताईद करता हूं। फारसी का एक शेर है :

"हरगिज न मीरद आंकि दिलश जिन्दा शुद ब इश्क।
सब्त अस्त बर जरीदा-ए-आलम दवामे मा।।"

पंडित जी अपने मुल्क से, अपने मुल्क के रहने वालों से, इतनी मुहब्बत करते थे कि वह उनकी मुहब्बत इश्क के दर्जे तक पहुंचती थी। इसलिये उनको अगर हम यह समझें कि वे मर चुके हैं, तो यह हमारी गलती है। उनका जिस्म हमारे साथ नहीं है, लेकिन उनकी रूह हमारे साथ है और वह न सिर्फ इस नस्ल को बल्कि आइन्दा नस्लों को भी मुहब्बत, मुल्क और इंसानियत की खिदमत की तरगीब देती रहेगी।

महोदया, ज़बान या भाषा के प्रश्न पर बहुत सी तक़रीरें हो चुकी हैं। मुझे अपने लायक दोस्त श्री सिन्हा की तक़रीर सुनने के बाद बड़ी तस्कीन हुई। इस प्रश्न की तारीख क्या है, इसमें मुझे जाने की जरूरत नहीं है। जो बात साफ है वह यह है कि हमारे संविधान के अनुसार 26 जनवरी, सन् 1965 से हिन्दी सरकारी भाषा हो चुकी है। इसमें कोई शुबहा की गुंजाइश नहीं है। यह भी अब साफ है कि यह 15 वर्ष जो दिये गये थे, हमारे संविधान बनाने वालों ने जो यह वक्त दिया था, उसका उद्देश्य यह था कि इस बीच मुल्क इस बात के लिये तैयार हो जाय कि हिन्दी सरकारी भाषा हो सके। मैं इस बात को मानने के लिये तैयार हूं कि शायद यह 15 वर्ष की अवधि, यह मुद्दत पर्याप्त नहीं थी, और पार्लियामेंट ने सन् 1963 में आफिशियल लैंग्युएजेज ऐक्ट जो पास किया, उसमें यह बात साफ तरीके से जाहिर कर दी गई कि यह 15 वर्ष की मुद्दत गुजरने के बाद भी अंग्रेजी हिन्दी के साथ जारी रहेगी। इसका मकसद साफ यह था कि किसी तरीके से हिन्दी उन लोगों पर लादी न जाये, जो आज इस हद तक तैयार नहीं हुये हैं कि वे हिन्दी का उपयोग एक लिंक लैंग्युएज की तरह से कर सकें। तो अब मुझे कुछ ताज्जुब ही हुआ कि यह प्रश्न जिस सूरत से आया है सामने, वह कैसे खड़ा हो गया। इस वक्त जो प्रश्न हम लोगों के सामने है, वह यह है कि यह मांग की जा रही है कि मरहूम जवाहरलाल जी ने जो आश्वासन दिये थे कि अंग्रेजी उस वक्त तक चलेगी, जब तक कि हिन्दी न जानने वाले उसे चाहेंगे, उसको एक कानूनी रूप दिया जाय। महोदया, मैं उन लोगों में से हूं, जो यह समझते हैं कि पंडित जी के आश्वासन हमारे लिये कानून से ज्यादा हैसियत रखते हैं। अगर मेरे वे दोस्त कानूनी रूप उसे देना चाहते हैं, तो मैं बिलकुल इसके लिये तैयार हूं कि जो रूप वे कानूनन देना चाहें, वे ज़रूर दे लें, इसलिये कि मैं जानता हूं कि यह भाषा का मसला, भाषा का प्रश्न, मुल्क की एकता के प्रश्न से बहुत छोटा है। किसी सूरत से भी मैं इसके लिये तैयार नहीं हूं कि कोई बात ऐसी की जाये कि जिसमें मुल्क की एकता पर कोई बुरा असर पड़े। लेकिन मैं यह कहे बगैर नहीं रह सकता कि जिस सूरत में यह प्रश्न उठा है उससे न हमारी इज्ज़त बढ़ती है और न हमारे दूसरे भाइयों की इज्ज़त बढ़ती है। क्या बात थी कि मेरे अहिंदी भाषी लोग जो सूरत देना चाहते थे, वह नहीं दे सके और इस प्रश्न के साथ वायलेंस हुआ, जानें जाया हुईं, जायदादें बर्बाद हुईं और ये सब चीजें हमारे सामने आईं। इसके साथ साथ और हर किस्म के दबाव भी डाले गए। तो जो चीज़ आसानी से हो सकती थी, जिसमें मुझे यकीन है कि कोई दिक्कत नहीं होने वाली थी, उसको इस तरीके का रूप देना कोई शोभा नहीं देता है। दुनिया यही समझेगी कि दबाव डाल कर इनकी राय ले ली गई लेकिन मैं समझता हूं कि कोई दबाव डालना नहीं चाहता, और लोग मुल्क की एकता के लिए सब कुछ करने को तैयार हैं। तो यह न आपको शोभा देता है कि जो अहिन्दी वाले लोग हैं वह इस तरीके से इस मांग को सामने लाएं।

बहरहाल, हिन्दी के मुताल्लिक यह मैं जरूर अर्ज करूं कि मैं उन लोगों में नहीं हूं कि कह दूं कि साहिब, अंग्रेजी मैं नापसन्द करता हूं।

श्री प्रकाश नारायन सप्रू : मैं बहुत पसन्द करता हूं।

श्री नफीसुल हसन : हां, मैं बहुत पसन्द करता हूं, या दूसरे अल्फाज में मैं कहूंगा कि यह बात नहीं है कि मैं अंग्रेजी को कम पसन्द करता हूं; बल्कि बात यह है अपने मुल्क की जबानों को ज्यादा पसन्द करता हूं। अंग्रेजी के जरिये से बहुत सी चीजें हमारे मुल्क को हासिल हुईं और आज कल जब कि साइंस और टेक्नालाजी की दुनिया है, तब यह कह देना कि अंग्रेजी हम छोड़ देंगे तो हम एक ऐसा कदम उठाएंगे जो कि मुल्क के लिए कारामद और मुफीद नहीं होगा। अंग्रेजी को चलाना ही होगा। लेकिन कौमी वकार भी एक चीज है और उस वकार के लिहाज से—गर्चे मैं मानता हूं कि हिन्दी इतनी बढ़ी हुई भाषा नहीं है जैसी कि अंग्रेजी है, उसमें कुछ दिक्कतें हैं और उन्हें पूरा करना है—लेकिन हमारा कौमी वकार इस बात की इजाजत नहीं देता कि हम अंग्रेजी को हमेशा के लिए अपनी सरकारी जबान मानते चले जायें। मैंने इस मसले पर अपने भाइयों की तकरीरें सुनीं, दोनों तरफ से, और मुझे इस बात की खुशी है कि, न सिर्फ इस मौके पर बल्कि जब लैंगुएज बिल हमारे सामने था उस वक्त भी, इस मुल्क के तमाम आदमी और लोग इस बात के लिए तैयार हैं कि हिन्दी को एक मुस्तकिल जगह सरकारी जबान की तरह से हासिल हो, जो कुछ एतराज है वह यही है कि जल्दी न हो, जब सारा मुल्क इसके लिए तैयार हो जाये, तब हो। इसमें कोई किसी किस्म का एतराज नहीं है। हिन्दी के मुताल्लिक तो मेरी राय यह है कि यह एक लिंक लैंगुएज, इत्तिफाक को, इत्तहाद और एकता को बढ़ाने के लिए है। मुझे फिर जरा सी वह लाइन याद आती है उसको मैं कह दूं : "तो बराये वस्ल कर्दन आमदी, न बराये फस्ल कर्दन आमदी", यानी हिन्दी जिसको हमने इत्तहाद के लिए दिया, तो मैं इसके लिए तैयार नहीं हूं कि वही भाषा फूट को बढ़ाने के लिए आला बन सके। इसलिए मैं समझता हूं कि जो मांग साउथ की तरफ से की गई है कि इसे कानूनी रूप दे दिया जाये, उसमें कोई एतराज नहीं होना चाहिए और मुझे खुशी है कि कल मैंने जो तकरीर प्राइम मिनिस्टर साहिब की सुनी उसमें उन्होंने इस बात को मान लिया है।

कुछ मेम्बरान ने उर्दू का भी जिक्र किया है। अगर हम उर्दू की तवारीख को देखें तो हमें पता लगेगा कि उर्दू कोई बाहर की जबान नहीं है, यह यहीं पैदा हुई है और अगर ग़ौर किया जाये तो उर्दू और हिन्दी दोनों अलग अलग भाषाएं नहीं हैं। आप गौर करें कि किसी भाषा का सब से जबरदस्त हिस्सा उसका मसदर या वर्ब हुआ करता है और आप देखें कि जहां तक वर्ब्स का ताल्लुक है, मसदरों का ताल्लुक है, हिन्दी और उर्दू में आप फर्क नहीं कर सकते। उर्दू की तवारीख तो सिर्फ यह है कि जो लोग फारसी जानते थे वे यहां आए और उन्हें आपस में हिन्दी जानने वालों से रोज बातचीत का मौका हुआ, उनमें ताल्लुकात पैदा हुए, चुनांचे उस वक्त जो हिन्दी कहलाती थी उसमें कुछ शब्द फारसी वगैरह के और आ गए और वह उर्दू हो गई। इसके आगे और कोई अन्तर नहीं है। मगर एक जमाना वह भी गुजरा—हमें उसे नहीं भूलना चाहिए—जब कि बाहर जबान को भी आपस में फूट डलवाने का एक जरिया बनाया और उसमें वह बहुत कुछ कामयाब हुये। मुझे याद है, उस जमाने की उर्दू वह उर्दू थी जिसमें संस्कृत की ओरिजिन का, संस्कृत से निकला हुआ, कोई भी शब्द लाना एक किस्म से बुरा समझा जाता था और यह समझा जाता था कि जबान को बिगाड़ा जा रहा है। लेकिन मैं सिर्फ इतना अर्ज करना चाहता हूं कि उर्दू में वह लचक मौजूद है कि

[श्री नफ़ीसुल हसन]

इसके बावजूद कि इसके साथ बेएतनाई बरती गई, उर्दू बराबर तरक्की कर रही है और तरक्की करती रहेगी, इसको कोई रोक नहीं सकता है। आप देखें कि 16, 17 वर्ष में उर्दू की पूरी पूरी कोशिश है कि वह हिन्दी के जितने करीब पहुंच सके पहुंच जाये। मैंने दो शायरों के कलाम सुने हैं और आप यकीन जानिए कि उनमें कम से कम 90 और 95 फ़ीसदी अल्फ़ाज़ वे हैं जो कि हिन्दी में इस्तेमाल होते हैं। तो मेरी सदा सब से यही है कि जैसा कि मेरे दोस्त सिन्हा साहिब ने कहा कि बजाय इसके कि एक और मसला हिन्दी और उर्दू का कल आपके सामने पेश हो, यह सवाल हो कि उर्दू एक अलग जबान है, इसके बारे में ध्यान दें। उसको एक इलाकाई जबान कहते हैं, लेकिन आपने एक फ़िक़रा सुना होगा—नवाबे बेमुल्क—तो उर्दू ऐसी इलाकाई जबान है जिसका कोई इलाका नहीं है।

श्री ए० बी० वाजपेयी : क्यों नहीं है, जम्मू और काश्मीर है।

श्री नफ़ीसुल हसन : हां, हां, वह तो है। मेरी तो अर्ज यह है कि उसका भी वही इलाका है जो कि हिन्दी का है। लेकिन हिन्दी को ऐसा न बनाइये कि वह आम लोगों की जबान न रहे और, साहिब, एक नई जबान दूसरों पर थोपनी पड़े, वह आप नहीं थोप सकते। मुझे कोई एतराज़ नहीं कि हिन्दी का साहित्य चाहे कोई जबान इस्तेमाल करे, लेकिन जो सरकारी जबान हो उसके लिए जरूरी है कि वह ऐसी जबान हो जिसे आम तौर से जनता समझ सके। ऐसा न हो कि यहां से हुक्म निकल रहा है—इस वक्त तो कह दिया गया कि दो, तीन फीसदी अंग्रेजी जानने वाले हैं, फिर भी अंग्रेजी में पढ़ने वाला कोई न कोई मिल ही जाता है, लेकिन अगर वह इस नई किस्म की हिन्दी में जारी हुआ तो मैं समझता हूं कि एक फीसदी भी नहीं समझ सकेंगे . . .

श्री प्रकाश नारायन सप्रू : जिसने लिखा है, वह शायद खुद ही नहीं समझ सके।

श्री नफ़ीसुल हसन : . . . . इस मसले के सिलसिले में दो तीन प्रश्न जेरे ग़ौर हैं। एक चीज मुझे मालूम हुई कि इस बारे में कुछ तजवीजें गवर्मेंट के सामने जेरे ग़ौर हैं। उसमें एक यह है कि यूनियन पब्लिक सरविस कमीशन के इम्तिहानात के लिये जितनी इलाकाई जबानें हैं वे इम्तिहानों में इस्तेमाल की जायें, यानी मीडियम बना दी जायें और इसीके नतीजे में दूसरी जो लाजिमी तजवीज है वह यह है कि —लफ्ज तो यह है कि कोशिश की जाये कि हर प्रदेश को मुनासिब नुमायंदगी मिले लेकिन साफ लफ्जों में उसके मानी यह हैं कि कोई कोटा सिसटम जारी किया जाये और ग़ालिबन आबादी के लिहाज से कोटा मुकर्रर कर दिया जाये।

THE DEPUTY CHAIRMAN : Your fifteen minutes are over.

SHRI NAFISUL HASAN : Just two minutes more.

THE DEPUTY CHAIRMAN : Would the House like to sit up to 5.30 p.m. ?

SOME HON. MEMBERS : Yes.

SOME HON. MEMBERS : No.

SHRI A. B. VAJPAYEE : Not tou\ty. We have engagements.

THE DEPUTY CHAIRMAN : The list of speakers is very long. Well, then continue.

श्री नफ़ीसुल हसन : जनाब डिप्टी चेयरमैन साहिबा, मेरा सरविसेज से कुछ ताल्लुक रहा है और मेरी यह बिलकुल पुख्ता राय है कि यह कोटा सिस्टम जो है इससे सरविसेज

की एफीशियेन्सी पर, उनकी काबलियत पर, बहुत बुरा असर पड़ेगा। इसलिये जो मौजूदा तरीका है उससे हटने की कोई गुंजायश नहीं। रहा दूसरा सवाल इलाकाई जबानों का, यूनियन पब्लिक सरविस कमीशन में इस्तेमाल, वह यह है कि क्या सब इलाकाई ज़बानों का अंदाजा किया गया है? क्या यहां की सरकार में, सेन्टर में, इलाकाई जबानें इस्तेमाल की जायेंगी? मेरा तो ख़याल यह है कि यहां काम आखिर में बिलकुल हिन्दी में होने वाला है, वह सरकारी ज़बान होगी, फिलहाल अंग्रेजी भी जारी रहे जब तक उसकी जरूरत समझी जाये। इतना भी मैं अर्ज करूं कि इन दो ज़बानों में भी किसी एक दफ्तर में काम चलाना बहुत कठिन है। इसका ख़याल आप ऐसे करें कि तेरह या चौदह ज़बानों में किसे खास दफ्तर के काम के लिये इस्तेमाल करें, मेरी समझ में यह बात नहीं आई है। इसके अलावा, एक सब से बड़ी खराबी यह है कि अगर इलाकाई ज़बानें यहां जगाये इम्तिहान कर दी गई और उनमें इम्तिहान होने लगे तो इलाकाई ज़बानों में क्या जरूरत है हिन्दी पढ़ने की? या मौजूदा सूरत में अंग्रेजी लिंक की क्या जरूरत होगी? नतीजा यह है कि मुल्क के आप टुकड़े-टुकड़े करेंगे। लाजमी नतीजा उसका यही है।

एक बात और अर्ज़ कर दूं इसी सिलसिले में और वह यह है कि इस वक्त गवर्मेन्ट यह सोच रही है कि हिन्दी जरिया-ए-इम्तिहान करने के लिये उन्हें एक फारमूला मिल जाये जिससे इम्तिहान की कापियां मुनासिब तरीके से जांची जा सकें, ताकि हिन्दी में जवाब देने वाले और अंग्रेजी में जवाब देने वाले में फर्क न पड़े, दोनों की सही तरीके से जांच की जा सके। मुझे निहायत अदब से अर्ज करना है कि जहां तक हमारे संविधान का ताल्लुक है यह मसला एक मिनट के लिये टाला नहीं जा सकता। हमारे संविधान के मुताबिक हिन्दी सरकारी जबान हो चुकी, पब्लिक सरविस कमीशन का हर इम्तिहान हिन्दी के जरिये से होगा। यह बिल्कुल लाजमी है—इट इज ए मस्ट। इससे कोई इस्केप नहीं है, अगर आप ऐसा नहीं करेंगे तो आपके तरीके के मुताल्लिक अदालतों में चाराजोई की जा सकती है। यह जरूर है कि उसके साथ-साथ आपने जो ऐक्ट पास किया उसके मुताबिक अंग्रेजी का भी इस्तेमाल जायज है हिन्दी के साथ-साथ। इसलिये मैं यह अर्ज करूंगा कि एक फारमूला हासिल करने में ज्यादा दिक्कत नहीं और जबान के मसले को टालने की गुंजायश नहीं। इसलिये आइन्दा जो इम्तिहानात हों उसका मीडियम हिन्दी और अंग्रेजी दोनों होना है। अगर यह नहीं किया जाता तो बड़ी ग़लती होगी गवर्मेन्ट की। उसके साथ-साथ इस सवाल को एक और पहलू से मैं देखना चाहता हूं और वह यह है कि चौदह पन्द्रह वर्ष हुए जब हमारा संविधान बना। उसमें साफ लिखा था कि सन् 1965 से हिन्दी सरकारी जबान होगी। तो जो लोग इस बीच में तीन, चार बरस से या दस बरस से तालीम हासिल करते रहे, वह यह समझ कर करते रहे कि सन् 1965 से हिन्दी सरकारी भाषा होने के बाद हिन्दी ही इम्तिहान की मीडियम होगी। आप उन्हें क्या जवाब देंगे? कौन सी सूरत से आप उनके साथ इन्साफ करेंगे? अगर आप हिन्दी के जरिये इम्तिहानात नहीं जारी करेंगे तो आप क्या जवाब देंगे?

मैं, डिपुटी चेयरमैन साहिबा, आपका मशकूर हूं और इन शब्दों के साथ मैं प्रस्ताव की ताईद करता हूं।

SHRI SITARAM JAIPURIA (Uttar Pradesh) : Madam, are you finishing at 5 p.m. ?

THE DEPUTY CHAIRMAN : We shall finish with your speech.

SHRI SITARAM JAIPURIA: But the time is too short.

THI; DEPUTY CHAIRMAN : We shall-finish with your speech.

SHRI SITARAM JAIPURIA: 1 have Io go out and I have been requesting you since this morning . . .

THE DEPUTY CHAIRMAN : You may complete your speech. It will be a welcome change.

SHRI SITARAM JAIPURIA : Madam, I express my gratitude to the hon. President for delivering this Address to the Members of both the Houses in spite of his ill health. The problems are too many and it is very *difficult to* discuss them in this short time. I will, therefore, sit down by expressing my gratitude to the President again and 1 thank you for giving me this opportunity.

THE DEPUTY CHAIRMAN : There are still five minutes more. Prof. Wadia.

PROF. A. R. WADIA (Nominated) : I shall certainly not finish in five minutes. Madam Deputy Chairman. I heartily associate myself with the mover of the motion in the prayer that she has given expression to about the health of our beloved President. We all wish that he has a successful operation and he comes back to us with his eyesight fully restored.

We are also thankful to the President inasmuch as his Address gives us an opportunity to discuss the achievements of the Government and the policies of the Government. But while saying this I must express my disappointment that the Address on the whole is a very thin document. It has not much to say about the achievements, nor much to say about the policies. There are many points which invite comments but time is very short and I should like to focus my attention only on one problem, and that is the problem which is agitating our country most at the present moment, the language problem.

I should have expected that the President's Address would have laid greater emphasis on the complexity of the language problem. But it has been disposed of in one short paragraph and in a very cavalier fashion as if it is a problem which is not fit to engage the whole-hearted attention of the Government.

Now, Madam Deputy Chairman, let mesay one thing. There was time when I wasa whole-hearted protagonist of Hindi. Iaccepted the teachings of Gandhiji in thisrespect. I believed that English could not bethe language of the Indian masses, and Iwas prepared to recognise that Hind; as thelanguage of the largest group in India was' perhaps the only language that could beI accepted on all hands by Indians. That wasI my faith. But, unfortunately, I have cometo North India and my ideas have changed.

j Many things have happened since then. We all swear by Gandhiji when it suits us, butwhen he wanted the Indian nation ta acceptHindustani, by one vote Hindustini waselbowed out at the Committee stage of the Constituent Assembly.

SHRI A. B. VAJPAYEE : That is not a fact.

PROF. A. R. WADIA : It was a great shock to the rank and fde of the Indian j nation as it was a great shock to Panditji and j Maulana Azad. I recognised that Hindustan! was a good compromise between the rival claims of Hindi and Urdu because they were two all-India languages really, Urdu perhaps even more than Hindi. But Urdu has bc«n elbowed out even out of its own homeland and it has become Cinderella in the family of Indian languages. No wonder, if people speaking other languages have become a little suspicious about the intentions of the protagonists of Hindi. Another thing is, Hindi may be the language spoken by th- biggest group in India but it is spoken by the iftino-I rity when you take into consideration the total population of India.

| 5 P.M.

SHRI P. N. SAPRU : And in one concentrated area.

PROF. A. R. WADIA : Well, I wi.ih every Hindi protagonist is as reasonabb and as 1 sweet-tempered as my friend, Mr: Sapru,

or Mis. Khan who moved the Resolution { but unfortunately, when I take into consideration the rank and file of the Hindi protagonists, their arrogance makes an enemy even of a lover of Hindi. It has been my sad experience. After coming to North India I have begun to feel that I am a second class citizen. Even my patriotism could be doubted because I do not speak in Hindi. That is the state of affairs which is extremely unsatisfactory and I can understand ths reaction that has been created in South India at the present moment. It was my misfor-tune , . .

SHRI AWADESHWAR PRASAD SINHA : May I know from the hon. Speaker wherefrom he has this idea that because he does not speak in Hindi, he is not a patriot ? . . .

(Interruptions)

PROF. A. R. WADIA : In this very House I got the idea. . . . *(Interruptions)* You can have your idea . . .

THE DEPUTY CHAIRMAN : That is his idea.

SHRI AWADESHWAR PRASAD SINHA : It is very unfair.

PROF. A. R. WADIA : I know where the shoe pinches.

SHRI BHUPESH GUPTA: And this interruption adds to the idea . . .

SHRI P. N. SAPRU : Dr. Wadia is IOO per cent, right.

PROF. A. R. WADIA : I had the mis-fortune to be present in Annamalai Uni-versity on 26th January when there was a terrible commotion in the University. On the whole, the students of the Annamalai University had the reputation of being well-disciplined, a mild sort of people but with my own eyes I saw how excited they were and how they attacked the Registrar's office. I was in the Guest House just opposite the Registrar's house and I saw how the students took out bit by bit the W!ID!» furniture—cycles, radio and everything— and burnt them before my very eyes. There were no hooligans. They were all students. That gave me an impression of the intensity of the feeling there and subsequently of course we find that the same thing happened in several other parts of South India. I was particularly pained by one thing. At the very time when there was so much excitement in South India, the hon. Prime Minister made a speech in which he talked; of quickening the step* for *thi* spread of Hindi. He was perfectly justified in making the statement from his own standpoint but I beg to say, with all the force at my disposal, that it was a bad moment to give expression to such a feeling because it only added fuel to the fire. That was the state of affairs when I left Annamalai University and after coming to Delhi I noticed how excited we all were and I also heard all sorts of stories about retaliation and we had the retaliation from the followers of my friend, Mr. Vajpayee. I am not aware that Janpath and Ferozshah Road are parts of the English language. They are just Indian names nnd if his followers rubbed out the Roman script, it—what shall I say ?—did not add to the dignity of Delhi. In fact it reJuced the status of Delhi from one of the cosmopolitan, metropolitan cities of the world to a mere city in Uttar Pradesh.

SHRI BHUPESH GUPTA : The au!i-Hindi people rubbed the other part also.

SHRI A. B. VAJPAYEE : That was only symbolic.

PROF. A. R. WADIA: That is a very unfortunate state of affairs.

SHRI P. N. SAPRU : It must have been Dr. Lohia's Party, not Mr. Vajpayee's . . .

PROF. A. R. WADIA : I shall be very happy if Mr. Vajpayee says that he was not responsible for those things. I have very great respect for him, under respect . . .

SHRI BHUPESH GUPTA : He rs a very loyal leader. He will never say that.

PROF. A. R. WADIA : So this is the position so far as I am concerned. I have been forced to do some thinking on the language problem. As a sociologist I believe that language is not an end in itself, il is a vehicle, language is a means to an end. Take the example of immigrants into the U.S.A. When I went to America I was j under the impression that everybody knew English, .As a matter of fact I came across a number of people who did not know i English, who spoke Italian, who spoke Palish, who spoke German and there were newspapers in all these languages but in one generation, all the children of these immigrants learnt English and became loyal citizens of. America and they are proud to be Americans. They forgot their own mother-tongue. They accepted a new mother-tongue and 'they were no less human beings, no (ess patriots because under the circumstances :they changed their mother-tongue. Now what are the claims of Hindi ? It may be spoken by the largest group but I was surprised' to find that compared to the other parts of India, specially South India, the percentage of literacy is among tfie lowest in U.P. I wonder, instead of trying to force Hindi on other people, why -they do not try to educate their own people in Hindi and bring them up to a very high state of literacy ? I can assure the Hindi protagonists that they have a vast field to do this sort of patriotic work.

THE DEPUTY CHAIRMAN : You have nearly finished your time.

PROF. A. R. WADIA : May I continue tomorrow ? I shall take about ten minutes more.

Im DEPUTY CHAIRMAN: You can continue tomorrow. The House stands adjourned till 11 A.M. tomorrow.

The House then adjourned at nine minutes past five of the clock till eleven of the clock on Thursday, the 4th March 1965.